## लोकतंत्र के महापर्व का हुआ शुभारंभ, मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने किया मतदान

# कहीं एक घंटे तो कहीं आधा घंटा ई.वी.एम. में आयी तकनीकी खामियां



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोक सभा चुनाव 2024 का रण शुरू हो चुका है शुक्रवार सुबह 7:00 बजे से ही लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई जिसमें बालाघाट जिले सहित ग्रामीण अंचलों में शांतिपूर्वक मतदान हुआ तो वहीं कई स्थानों से ईवीएम मशीन में तकनीकी त्रुटि आई तो कई स्थानों पर कुछ घंटे लेट मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई , हालांकि प्रशासन द्वारा जिन स्थानों पर मशीन काम नहीं कर रही थी, उन स्थानों पर जाकर तुरंत ईवीएम मशीन को सुधार कर मतदान प्रारंभ कराया गया, सुबह के समय शहर में कम भीड़ नजर आई, तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर जनता में अच्छा खासा रुझान देखने को मिला एवं लंबी-लंबी कतारे ग्रामीण अंचलों में देखने को मिली। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को सुबह 7-00 बजे से प्रारंभ हो गया हालांकि कुछ स्थानों पर ईवीएम मशीन में तकनीकी खामियां आने की वजह से मतदान रुका रहा तो कई स्थानों पर कुछ देर ईवीएम मशीन चलने के बाद बंद हो गई और कुछ समय मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में इंतजार करना पड़ा हालांकि इस तकनीकी त्रुटि को जिला प्रशासन द्वारा यथाशीघ्र ही दूर कर दिया गया एवं शांतिपूर्वक मतदान जिले में चलता रहा, वही मतदान प्रक्रिया में शहरी क्षेत्र में सुबह के समय उतने लोग मतदान केन्द्रों में नहीं पहुंचे तो वहीं ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लंबी-लंबी लाइन देखने को मिली और ग्रामीणों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपनी जिम्मेदारी मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान कर पूर्ण की गई, वहीं देखने को यह भी मिल रहा था कि जैसे-जैसे गर्मी का पारा बढ़ते जा रहा था वैसे-वैसे मतदान केन्द्रों से भीड़ कम होना शुरू हो गई थी ऐसा माना जा रहा था कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोग दोपहर के समय कम मतदान केन्द्रों में पहुंच रहे थे तो वही तीन विधानसभा में अलग समय निर्धारित किए गए हैं क्योंकि नक्सल प्रभावित जिला होने की वजह से नक्सलीय क्षेत्र में आने वाली तीन विधानसभा में सुबह 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक ही मतदान होना है तो अन्य विधानसभाओं में सुबह 7 बजे से 6 बजे तक का समय आयुक्त द्वारा निर्धारित किया गया है।

### शहर के मतदान केंद्र 235 में 10 वोट डालने के बाद मशीन हुई खराब

जैसे ही 19 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई वैसे ही शहर के मतदान केंद्र क्रमांक 235 में लगभग 10 वोट डालने के बाद मशीन ने काम करना बंद कर दिया, जिसकी जानकारी लगते ही जिला प्रशासन की टेक्निकल टीम वहां पहुंची और लगभग आधे घंटे तक मतदान केंद्र क्रमांक 235 में मतदान रुका रहा जिसके चलते मतदाताओं को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा हालांकि जिला प्रशासन की टीम द्वारा इस तकनीकी खामी को आधे घंटे बाद सुधार लिया गया।

### भरवेली के मतदान केंद्र क्रमांक 259 में लगभग 48 मिनट रुका रहा मतदान

जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत भरवेली के मतदान केन्द्र क्रमांक 259 में जैसे ही मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल की सुबह 7:00 बजे शुरू हुई वैसे ही मशीन में तकनीकी त्रुटि आने की वजह से मशीन ने काम करना शुरू ही नहीं किया और मतदाताओं को लगभग 48 मिनट तक मतदान केंद्र में इंतजार करना पड़ा बताया जा रहा था कि ईवीएम मशीन की वीवीपैट काम नहीं कर रही थी जिस वजह से मतदान की प्रक्रिया 48 मिनट तक रुकी रही उसके बाद तकनीकी टीम के द्वारा वीवीपैट को चेंज किया गया और मतदान की प्रक्रिया शुरू करवाई गई।

### शहर के मतदान केन्द्रों में कम नजर आई भीड़

आपको बता दे कि जैसे ही 19 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई वैसे ही शहर में आने वाले मतदान केन्द्रों में भीड़ न के बराबर नजर आई तो कुछ बूथों में एक दो मतदाताओं ने ही अपना मताधिकार का प्रयोग किया तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली हालांकि कुछ समय बाद शहर के मतदान केन्द्रों में भी मतदाता पहुंचते नजर आए और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## शुष्क दिवस में पुलिस ने सरेखा निवासी रोशन के घर से किया 193 लीटर कच्ची ,पक्की शराब जप्त

### 34 ( 2 ) के तहत कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस द्वारा 18 अप्रैल की रात्रि में सरेखा से एक व्यक्ति के घर से 193 लीटर कच्ची, पक्की शराब जप्त की है जिसमें बताया जा रहा है कि सरेखा निवासी द्वारा बीते दिनों शराब सस्ती होने की वजह से शराब को संग्रह करके रखा गया था, जिस पर पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) की कार्यवाही करते हुए मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि पुलिस को 18 अप्रैल को दिन में मुखबिर से यह सूचना मिली थी कि सरेखा में रहने वाले रोशन नामक व्यक्ति के घर भारी मात्रा में शराब जमा की गयी है जबकि अभी जिला प्रशासन द्वारा जिले में दो दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है ऐसी स्थिति में सरेखा निवासी रोशन के यहां से भारी मात्रा में शराब की सूचना पुलिस को लगी जिस पर 18 अप्रैल की रात्रि में पुलिस द्वारा पुलिस बल के साथ रोशन के घर दबिश दी गई जिसमें रोशन के घर से 193 लीटर कच्ची और अंग्रेजी शराब जप्त की गई, जिसमें कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि रोशन द्वारा पूछताछ में बताया गया है कि मार्च के महीने में जब शराब सस्ती हुई थी तब से रोशन के द्वारा अपने घर में शराब जमा की जा रही थी किंतु जब रोशन से शराब रखने को लेकर लाइसेंस मांगा गया तो उनके द्वारा लाइसेंस नहीं दिया गया जिस पर पूरी शराब जप्त कर रोशन के ऊपर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की जा रही है और मामले को विवेचना में लिया गया है कि उनके साथ और कितने लोग शामिल है।



## उकवा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ



उकवा (पद्मेश न्यूज)। उकवा एवं उकवा क्षेत्र में इस महापर्व का गजब का उत्साह देखने मिला सुबह7 बजे से 4बजे तक मतदान केंद्रों में लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। लोग ग्रीष्म ऋतु की परवाह न करते हुए सुबह 6-00 से ही मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचने लगे मतदान हेतु उकवा में 6 मतदान केंद्र प्राथमिक शाला उकवा केंद्र शासकीय कन्या हाई स्कूल एवं शासकीय बालक हाई स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र क्रमांक 134 में कुल मतदान 480 में 257 महिला तथा 223 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 135 में कुल मतदान 694 में 352 महिला तथा 342 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 136 में कुल मतदान 443 में 218 महिला तथा 228 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 137 में कुल मतदान 422 में 188 महिला तथा 234 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 138 में कुल मतदान 438 में 216 महिला तथा 222 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 139 में स्कूल मतदान 639 में 330 महिला तथा 306 पुरुष ने मतदान किया इसी तरह ग्राम पंचायत समनापुर में केंद्र क्रमांक 132 में 594 मतदान में 307 महिला तथा 287 पुरुष ने मतदान किया केंद्र क्रमांक 133 में 552 मतदाताओं में 443 ने मतदान किया ग्राम पंचायत गुदमा केंद्र क्रमांक 131 दुग्गलटोला में 723 मतदाताओं में 547 में मतदान किया जिम 290 महिला तथा 257 पुरुष शामिल रहे इसी तरह केंद्र क्रमांक 130 में कल 746 मतदाताओं में 629 में मतदान किया जिनमें 324 महिला तथा 305 पुरुष शामिल है इसी तरह उकवा में 69 प्रतिशत समनापुर में 81 प्रतिशत तथा गुदमा में 80 प्रतिशत मतदान हुआ इसी तरह दक्षिण बैहर की ग्राम पंचायत बिठली में 80 प्रतिशत तथा ग्राम पंचायत लुद में 82 प्रतिशत एवं मंडवा में 85 प्रतिशत तथा नव्ही में 74 प्रतिशत हर्रानाला में 77 प्रतिशत तथा सबसे ज्यादा और सबसे पहले दुगलई में 100 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्राम पंचायत राजपुर में 70 प्रतिशत मतदान हुआ।

# पति चुनकर सरकार चुनने पहुंची दुल्हन

## सात फेरों के बाद निभाई लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी, विदाई से पहले मतदान केंद्र पहुंचे दूल्हा-दुल्हन



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोक सभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को सुबह 7-00 बजे से बालाघाट जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ, जहां लोगों में लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा था , तो शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कुछ बूथ ऐसे भी थे जहां से खूबसूरत नजारे मतदान डालने के सामने आ रहे थे, जिसमें दूल्हा दुल्हन सीधे सात फेरों के बाद मंडप से निकलकर मतदान केन्द्रों की ओर आ रहे थे और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे थे, जिसे देखकर हर कोई हैरान हो रहा था कि दूल्हा दुल्हन सीधे अपनी विदाई के बाद घर जाने की जगह मतदान केंद्र पहुंच रहे है। आपको बता दे की आयोग द्वारा भी मतदान का प्रतिशत बढ़े एवं अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसलिए मतदान के पहले से ही मतदान जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे और परिणाम स्वरुप 19 अप्रैल को मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने दूल्हा-दुल्हन पहुंचे , जिसे देखकर हर कोई स्तंभित था कि जो डोली मंडप से निकलकर सीधे दूल्हे के घर जाना चाहिए ,वह कैसे मतदान केन्द्रों में आ रही है और दूल्हा दुल्हन अपने शादी के पोशाक में सर पर सेहरा सजाये सीधे सात फेरे लेने के बाद मतदान केन्द्रों में अपना मताधिकार का प्रयोग करने आ रहे थे, जिसमें हर कोई यही कह रहे थे कि दूल्हा दुल्हन अपने घर जाने की वजह अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने अपना मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं ऐसा ही नजारा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर में दिखाई दिया जहां पर कुछ दूल्हे दुल्हन को अपने घर ले जाने के पहले दुल्हन का मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे तो वहीं कुछ बरात आने के बाद घर जाने के पहले दूल्हा मतदान केन्द्रों में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे।

### डोली में बैठने से पहले डाला वोट

शहर के उप नगरी क्षेत्र बूढ़ी में एक दुल्हन द्वारा डोली में बैठने से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने की इच्छा जताई इसके बाद वह दूल्हे के साथ स्वयं मतदान केंद्र पहुंची और अपने मताधिकार का प्रयोग कर डोली में विदा हुई, बताया जा रहा है कि उप नगरी क्षेत्र में 18 अप्रैल को प्रदीप की बारात आई थी एवं शादी लगने के बाद 19 अप्रैल को विदाई के समय दुल्हन डाली द्वारा मतदान करने की इच्छा जताई गई जिसके बाद दूल्हा दुल्हन शासकीय उच्चतर माध्यमिक बूढी मतदान केंद्र पहुंचे और वहां पर उन्होंने अपना मताधिकार का प्रयोग किया, इस दौरान मतदान केंद्र पर पहुंचे मतदाता हर कोई डाली और प्रदीप को दूल्हा-दुल्हन की वेशभूषा में देखकर हैरान था और कुछ लोग खुश भी थे कि डोली में बैठने से पहले डाली द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया जो की बहुत ही सही है।

### बारात लेकर घर आने की जगह दूल्हा पहुंचा मतदान केंद्र

जिला मुख्यालय से महज ही कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत भरवेली में भी एक दूल्हे द्वारा बारात लेकर आने के बाद सबसे पहले वह मतदान केंद्र पहुंचे और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बताया जा रहा था कि भरवेली वार्ड नंबर 7 निवासी चेतन की बारात 18 अप्रैल को धनसुवा गई थी जहां पर उनका विवाह निशा के साथ हुआ और 19 अप्रैल को विदाई के बाद धनसुवा में निशा ने अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया , तो वहीं जब बारात भरवेली पहुंची तो दूल्हा चेतन द्वारा भी अपने मताधिकार का प्रयोग भरवेली स्थित हाई स्कूल में मतदान किया गया।

### गोंगलाई में भी बारात लेकर आने के बाद दूल्हे ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

शहर से लगी ग्राम पंचायत गोंगलाई में भी 19 अप्रैल को सुनील ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया बताया जा रहा था कि सुनील की बारात 18 अप्रैल को वारासिवनी क्षेत्र के तुमाड़ी में गई थी जहां उनका विवाह भाग्यश्री के साथ संपन्न हुआ उसके बाद 19 अप्रैल को विदाई के बाद सुनील सीधे अपने घर जाने के स्थान पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वह अपने मतदान केंद्र में पहुंचे और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें उनके साथ गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित नजर आए।

### निशा ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

बूढी में एक और बारात जो कि सिवनी से आई थी जिसमें 18 अप्रैल को सागर सिवनी से अपनी बारात लेकर बूढी पहुंचे थे जहां उनकी रीति रिवाज के साथ 18 अप्रैल को शादी हुई उसके बाद 19 अप्रैल को उनकी विदाई होना था और विदाई होने के पहले दुल्हन निशा द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही गई जिस पर उनके परिजन और दूल्हे के साथ वह अपने मतदान केंद्र में पहुंची और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया उसके बाद बारात सिवनी के लिए प्रस्थान हुई।

## संग्रहालय में आयोजित किया गया पुरातत्व संवाद

### विशेषज्ञों ने पुरातत्व धरोहरों का बताया महत्व



बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय में विश्व पुरातत्व धरोहर दिवस पर पुरातत्व संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज से डॉ रचना कोरी शामिल हुई। वहीं विशेष अतिथियों में पुरातत्व सर्वेक्षण नागपुर से सेनि अधिकारी राजेश ब्रम्हे, डॉ.सुभाष गुप्ता, डॉ प्रमिला बिजेवार, सरिता गेड़ाम, डीएटीसीसी से एम.के.यादव और अध्यक्षता संग्रहालय अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने की। डॉ गहरवार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रस्तावना रखी। उन्होंने पुरातत्व को लेकर अब तक उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी भी सांझा की। इसी तरह हिंदी साहित्य की छात्रा रेणुका राउत ने कविताओं के अंदाज में अपनी बात रखी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल रहे, जिन्हें जिले की विभिन्न धरोहरों से अवगत कराते हुए डॉ. गहरवार ने उनसे प्रश्न भी पूछे। जिले के राज्य और केन्द्र शासन से संरक्षित पुरातत्व और पर्यटन स्थलों को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। सभी बच्चों को संरक्षण का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने भी पुरातत्व धरोहरों का महत्व बताते हुए इनका संरक्षण और जीर्णोद्वार क्यो आवश्यक है इसके बारे में बताया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और पुरातत्व स्थलों की जानकारी एकत्रित करने कहा गया।कार्यक्रम के अंत में सभी नगर से 10 कि.मी.दूर स्थित गोंसाई मंदिर धनसुआ पहुंचे, जहाँ बालाघाट जिले का प्रथम गोंसाई मंदिर जो 10 वीं.शं. है, जिसका नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है, अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा शोधार्थी और विद्यार्थियों में कृष्णा कंसरे, संध्या मेश्राम, राहुल परते, हरीश कारंजेकर, रितिक बोहने, निशा नौगोड़े, सलोनी बिसेन, नियती जामने, सोनम बांगड़े, आकाक्षा रंधवे, श्रेया रजक, महिमा हनवत, चेतना राहंगडाले, पायल नगरगड़े, ज्ञानेश्वरी गौतम, प्रगति शिंदे, दिया दियेवार सहित बड़ी संख्या में कॉलेज छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में गत दिवस मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं ने भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की १३३ वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। यह कार्यक्रम जिला बौध्द महासंघ के महासचिव ताराचंद कावड़े के मुख्य आतिथ्य, म.प्र. जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक श्रीमती सीता उइके की अध्यक्षता एवं अखिलेश मेश्राम, सत्यशील मेश्राम के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बौध्द महासंघ महासचिव ताराचंद कावड़े ने डॉ. बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। ब्लाक समन्वयक श्रीमती सीता उइके ने महापुरूषों की जयंती एवं पुण्यतिथि क्यों मनाते है उसके बारे में जानकारी देते हुए सभी से कहा कि महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करें।इस अवसर पर चैनलाल चौधरी, दामेन्द्रप्रसाद हरिनखेडे, दुर्गाप्रसाद बिसेन, प्रेमवती उईके, निकिता गोयल एवं एमएसडब्ल्यू के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# नक्सल पर मतदाताओं का मतदान एक्शन

## जिले के दो मतदान केंद्रो ने समय से पूर्व शत प्रतिशत मतदान कर प्रदेश में बनाई पहचान, सात समुंदर पार करके अपने अधिकार के लिये शुभम आये बालाघाट, दिव्यांग मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग







**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बालाघाट में ऐतिहासिक मतदान हुआ है। मतदान में पहली बार मतदान कर रहे युवाओं से लेकर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं में भी खासा उत्साह नजर आया। वहीं नक्सल प्रभावित 58 मतदान केंद्रो और 3 विधानसभाओं के मतदाताओं ने मतदान को आसान बनाकर स्वीप प्लॉन की सफलता निर्धारित की साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने जिस तरह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की योजना बनाई वो कामयाब रहीं। उन्होंने पूरे समय आसमान से नजरे गड़ाते हुये हर एक नक्सल हरकत की निगरानी की। वे नक्सल प्रभावित विधानसभाओं के अति नक्सल संवेदनशील मतदान केंद्रो पर हेलीकाप्टर और अपने वाहनों से लगातार भ्रमण करते देखे गये। डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि मतदान केंद्रो पर पहुंचकर मतदाताओं ने न सिर्फ मतदान के लिये प्रेरित किया बल्कि आने वाली नवीन पीढी को भी मतदान करने के लिये सुनहरे भविष्य की समझाइश दी। बालाघाट जिले के तीन विधानसभाओं बैहर लांजी और परसवाड़ा में मतदान का समय दोपहर 4 बजे तक निर्धारित किया था। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 3 बजे तक बैहर विधानसभा में 72.2, लांजी में 67.05 और परसवाड़ा विधानसभा में 69.82 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो अन्य सामान्य विधानसभाओं की तुलना में 5-5 प्रतिशत या इससे अधिक मतदान हुआ।**

### इस तरह बढ़ता गया मतदान प्रतिशत

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदान समय के अनुसार जिले के 3-3 विधानसभाओं में मतदान का समय अलग-अलग निर्धारित रहा। बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से 4 बजे तक तथा बालाघाट, वारासिवनी और कटंगी में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया था। सुबह 9 बजे तक बैहर में 20.86, लांजी में 15.92, परसवाड़ा 19.26, बालाघाट में 13.68, वारासिवनी में 16.46 और कटंगी में 15.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके दो घंटे बाद 11 बजे क्रमशः 43.96, 36.5, 40.79, 31.58, 33.9 और 33.5 प्रतिशत मतदान किया गया था। पुनः दो घंटे बाद 1 बजे तक क्रमशः 62.14, 55.71, 58.7, 47.7, 50.68 और 50.46। दोपहर 3 बजे तक बैहर में 72.2, लांजी में 67.5, परसवाड़ा में 69.82, बालाघाट में 58.98, वारासिवनी 61.36 और कटंगी में 62.11 प्रतिशत मतदान किया गया था। इसके पश्चात शाम 5 बजे क्रमशः 76.14, 72.19, 74.08, 68.3, 69.4 और 70.72 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसी तरह 9 बजे तक जिले का कुल मतदान प्रतिशत 16.98, 11 बजे 36.72, 1 बजे 54.23, 3 बजे 65.25 और शाम 5 बजे 71.81 प्रतिशत मतदान हुआ। यह जानकारी निर्वाचन आयोग के बने पोर्टल इन-कोर के अनुसार है।

### दुगलई और सोनेवानी प्रदेश में छाया रहा

सबसे जल्दी 100 प्रतिशत मतदान के मामले में बैहर विधानसभा के दुगलई और बालाघाट विधानसभा के सोनेवानी ने सफलता प्राप्त की। दुगलई के 80 मतदाताओं ने सुबह 9 बजे ही शत प्रतिशत मतदान कर प्रदेश में छाया रहा। यहॉ 80 मतदाताओं में 44 पुरुष और 36 महिला मतदाता है। इसी तरह बालाघाट विधानसभा के सोनेवानी मतदान केंद्र क्रमांक 53 पर 16 पुरुष और 26 महिला मतदाताओं ने अपना मतदान कर शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता सुनिश्चित की। ये दोनो ही गांव मतदान की समाप्ति के निर्धारित समय से पूर्व शत्-प्रतिशत मतदान करने में सफल रहे।

### विदेश अध्ययन कर रहे शुभम ने अपने जन्म स्थान आकर तीन पीढ़ियों के साथ किया मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये हर वर्ग के मतदाता घरो व विदेश से भी आकर जन्म स्थान पर मतदान करने की जिम्मेदारी निभाई। बालाघाट में भटेरा चौकी के शुभम पालेवार जो लंदन के क्रिंसलैंड में डेटा साइंस में एमएससी कर रहे है वे खासतौर पर मतदान के लिये अपने जन्म स्थल बालाघाट पहुंचे। यहां उन्होंने अपने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ मतदान किया। इसमें दादी बेला पालेवार जिनकी उम्र 84 वर्ष है उन्हे व्हील चेयर पर मतदान केंद्र तक ले गये और साथ ही अपने 46 वर्षीय अंकल रवि पालेवार और तीसरी पीढ़ी 18 वर्षीय सृष्टि पालेवार के साथ मतदान किया।

### कम्युनिकेशन और आईटी टीम ने सूचना प्रसारण में निभाई अहम भूमिका

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत पल-पल की जानकारी के अलावा मतदान केंद्रो पर होने वाली हलचल की जानकारी रखने के लिये कम्युनिकेशन और आईटी टीम बनाई जाती है। बालाघाट में कम्युनिकेशन टीम के नोडल आरसी पटले व सहा.नो.अधिकारी वंदना धुमकेतु और संचार प्रौद्योगिकी के नोडल अधिकारी एसके ठाकरे एवं सहायक नोडल अधिकारी विवेक मेश्राम ने इस मामले में बेहतर सेवा दी है। किसी भी मतदान केंद्र की सोशल मीडिया या इलेक्ट्रानिक मीडिया पर दुष्प्रसारित व भ्रामक या तथ्यात्मक रूप से चल रही खबरों का पटाक्षेप करने और जानकारियॉ जुटाने में अहम भूमिका निभाई। इसी तरह बालाघाट एआरओं श्री गोपाल सोनी ने मतदान केंद्र क्रमांक-242 शा.ने.मे.शाला नवीन कक्ष और मतदान केंद्र क्रमांक-195 शा.पॉली.छात्रा.पश्चिमी भाग के केंद्रो का वीडियों वायरल करने पर एएफआईआर दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र क्रमांक-242 और 195 में मतदाता की गोपनीयता भंग करने पर आरपी एक्ट का उल्लंघन पाये जाने पर आईपीसी की धारा-188 और 126 में मामला दर्ज कराया गया है।

### दिव्यांगता का कोई असर नही मतदाता निकले अधिकार के लिये

मतदान करने के सुनहरे अवसर को दिव्यांग मतदाताओं ने भी बखुबी भुनाया। कई दिव्यांग मतदाता मतदान करने में पीछे नहीं रहे। वे अपने साधनो जैसे स्कूटी, साइकिल के सहारे मतदान केंद्रो तक आकर मतदान किया। वारासिवनी के वार्ड क्र.-12 में आकाश जैन अपनी मोडिफाईड स्कूटी कम व्हील चेयर पर आकर मतदान किया। तो दिव्यांग डिस्ट्रीक्ट स्वीप आइकॉन जीआर घोड़ेश्वर ने दिव्यांग मतदाताओं के साथ तो 92 वर्षीय शुभदा दाबड़गांव, के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी दिव्यांग मतदाताओं के फोटो-वीडियों वायरल हुए।

### थर्ड जेंडर स्वीप आइकॉन ने उंगली के निशान को बताया पहचान

मतदान करने में थर्ड जेंडर भी काफी उत्साही रहे और अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान किया। जिले की स्वीप आइकॉन रानी दमाहे ने अपनी माता ममता दमाहे के साथ भरवेली में मतदान करने के बाद वीडियो जारी किया। जारी वीडियो में कहा कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है। मतदान के दौरान बाए हाथ ही तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमित स्याही निशान नहीं यही मतदाता की पहचान है। इसलिये अपनी पहचान के लिए मतदान केंद्र जाए और पहचान बनाने का आग्रह किया।

### उच्च अधिकारियों ने सुबह से किया मतदान

बालाघाट जिले के कई उच्च अधिकारियों ने सुबह 7 बजे से ही मतदान कर मतदाताओ को जागरुक करने के लिए फोटो वीडियो जारी किए। इसके पश्चात वे अपने निर्वाचन कार्यो में संलग्न हुए। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने धर्मपत्नी के साथ जनपद पंचायत के मतदान केंद्र में मतदान किया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ भी धर्मपत्नी के साथ व एआरओ श्री गोपाल सोनी भी अपने परिवार के साथ आकजार मतदान किया। इनके अलावा जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा और कई अधिकारियों ने मतदान किया।

### पोस्टल बैलेट से नही, मतदान केंद्र पर जाकर किया मतदान

निर्वाचन में आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदाता जो अत्यावश्यक सेवाओ, अनुपस्थित मतदाताओं, निर्वाचन कार्यो और अन्य संसदीय सीट के मतदाता है। उन्हें पोस्टल बैलेट, चलित मतदान केंद्र और ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदाय की गई। यह सुविधा देने में पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सेवाओं के माध्यम से करीब हजारों मतदाताओं को बिना 13 से 14 हजार मतदाताओ के मतदान कराने में नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े और सहा. नो. अधि. गजेंद्र कठाने ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन उन्होंने ही आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान किया।

### वापसी में दलों का किया स्वागत

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी श्री समीर सौरभ ने मतदान सम्पन्न कराकर वापस पहुँचने वाले दलों को मीठा मुंह करा कर दी बधाई। उन्हें केले, मिठाई और बिस्किट प्रदान किये। साथ ही गले मिल, हाथ मिलाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं सुरक्षा जवानों और दलों ने भी उन्हें बधाइयां दी। शाम 7:30 बजे तक विभिन्न विधानसभाओं की 46 बसें मुख्यालय स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंच चुकी थी।

# चाय बनाते समय सिलेंडर में भभकी आग

## जान बचाकर भागे ग्राहक व दुकानदार, नगर के बैहर रोड चांदनी चौक का मामला

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। शुक्रवार की शाम नगर के बैहर रोड चांदनी चौक में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक चाय दुकान में रखे सिलेंडर में अचानक आग लग गई। चाय बनाते समय गैस लीकेज होने के चलते सिलेंडर में लगी इस आग से कुछ देर के लिए वहां हड़कंप मच गया।हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन सिलेंडर में लगी यहां आग यदि दुकान में लग जाती या फिर सिलेंडर भस्ट हो जाता तो भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता था।



### फायर ब्रिगेड पहुंचने के पूर्व ही बुझ चुकी थी आग

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बैहर रोड वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 3 के बीच चांदनी चौक में राजा चाय वाले की दुकान है। बताया जा रहा है कि राजा खान रोजाना की तरह शुक्रवार शाम को दुकान में चाय बना रहा था। तभी अचानक से सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और देखते ही देखते सिलेंडर में आग लग गई। जहां सिलेंडर में लगी इस आग को देख दुकानदार राजा खान सहित अन्य ग्राहक दुकान से भाग खड़े हुए, तो वही कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग व दुकानदार ने अपने-अपने स्तर से सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश की ,लेकिन लाख कोशिशो के बावजूद भी वे सिलेंडर में लगी उक्त आग को नहीं बुझा सके और अपनी इस कोशिश में ना कामयाब रहे। इसी बीच किसी ने नगर पालिका फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी।जहा आगजनी की सूचना मिलते ही नपा की फायर ब्रिगेड की टीम अपने दल बल के साथ मौके पर पहुची। हालांकि फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने के पूर्व ही सिलेंडर में गैस खत्म हो गई और सिलेंडर में लगी आग स्वतः ही बुझ गई तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. इस तरह चांदनी चौक में एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

# शादी समारोह में आए युवक की कुंए में डूबने से हुई मौत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमी में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए एक 30 वर्षीय युवक की कुंए में गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी मध्य रात्रि की बताई जा रही है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिटकादेवरी निवासी धनराज पिता शंकर वाघाड़े उम्र 30 वर्ष की कुएं में डूबने से मौत हो गई। धनराज कोसमी में अपने रिश्तेदार कुंजीलाल गाते की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी के साथ आया हुआ था। रात्रि में विवाह समारोह संपन्न होने के बाद सभी सो गए। आज सुबह जब उठकर देखे तो धनराज गायब था। जिसके बाद काफी तलाश की गई तो घर के पीछे खुले कुंए में शव बरामद किया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि रात्रि में लघुशंका के लिए जाने पर हादसा हुआ होगा। कथित तौर पर हुए इस हादसे की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी लेकिन अधिकांश पुलिस बल चुनाव ड्यूटी में तैनात होने की वजह से दोपहर करीब 1 बजे मौके पर पहुंचा। इससे पहले परिजनों ने मृतक का शव कुंए से बाहर निकाल लिया था. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद जिन परिजनों को विवाह समारोह की खुशियां मनानी थी। उस घर में मातम छा गया।




# सभी निर्दलीय व पार्टी प्रत्याशी ने मतदान करने के बाद कहा जीत हमारी सुनिश्चित है

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदान करने के बाद अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशियों द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दी गई और कहा गया की एस लोकतंत्र के महापर्व को लेकर जनता पर भरोसा है की जनता उन्हें ही अपना मत देगी और उनकी जीत सुनिश्चित होगी, जब हमने भाजपा प्रत्याशी से कहा की जीत को लेकर व: कितनी अस्वस्थ है तब उन्होंने कहा की जीत उनकी ही होना है , तो वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कंकर मुंजारे ने भी कहा कि जनता पर उन्हें भरोसा है, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट द्वारा भी बताया गया की जीत उनकी तय है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में नए मतदाताओं द्वारा भी अपने-अपने विचार दिए गये। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव के इस प्रथम चरण के मतदान में अपना मताधिकार का प्रयोग करने के बाद कुछ राजनीतिक पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा मतदान करने के बाद यही कहा गया की जीत उनकी तय है और उन्हें जनता पर भरोसा है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं द्वारा अपनी बात रखते हुए कहा गया कि जब वह छोटे थे तब उनके माता-पिता मतदान करते थे तो उन्हें लगता था कि वह भी मतदान करें लेकिन आज पहली बार उन्होंने अपना मतदान किया तो उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है तो वहीं पूर्व मंत्री व विधायकों द्वारा भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया है।

### आज का दिन मेरे लिए सबसे बड़ा दिन है - भारती पारधी



भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी द्वारा पद्मेश न्यूज़ से चर्चा करते हुए बताया गया कि आज का दिन उनके लिए बहुत बड़ा दिन है और जो पार्टी द्वारा उन पर विश्वास जताया गया है उस विश्वास को कायम रखने के लिए भगवान की भी दया दृष्टि उन पर बनी हुई है, इसलिए वह आज मतदान करने से पहले घर से निकलकर सीधे भगवान के मन्दिर पहुंची है और उन्होंने स्थानीय काली पुतली चौक के हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और उन्होंने कहा कि उन्हें आज भगवान पर पूरा भरोसा है और उन्हें सफलता मिलेगी उसके बाद ही वह वहां से मतदान करने के लिए जाएंगे वहीं उन्होंने आम जनता से भी यह अपील की कि वह अपने घरों से निकलकर भारी तादाद में अपने मताधिकार का प्रयोग करें, वहीं उन्होंने जीत को लेकर कहा की जीत तो उनकी सुनिश्चित है इसमें कोई प्रश्न नहीं है और वह पूरे मध्य प्रदेश में 29 सीट जीतेंगे।

### जीत को लेकर मैं पूरी तरह से आस्वस्थ हूं - कंकर मुंजारे



बहुजन समाज पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कंकर मुंजारे द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया और पद्मेश न्यूज़ से चर्चा करते हुए बताया गया कि वह जीत को लेकर पूरी तरह से आस्वस्थ है क्योंकि जनता पूरी तरह से समझदार है और वह विकास के नाम पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी क्योंकि आज बेरोजगारी महंगाई और शिक्षा का बहुत बड़ा सवाल है इसलिए वह इस सिस्टम को सुधारने के लिए अपना पूरा समर्थन उन्हें देंगे और उन्हें भारी मतों से विजय बनाएंगे।

### क्षेत्र का विकास करने के लिए

### जनता मुझे चुनेगी - सम्राट



अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद सम्राट सरस्वार ने चर्चा में बताया कि आज जिस प्रकार से क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है उन सब विकास के कार्यों को करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता उन्हें अपना समर्थन देगी और उन सबके समर्थन से ही उनकी जीत पक्की है और वह जीतकर आएंगे और क्षेत्र का विकास करेंगे।

### राष्ट्र के विकास के लिए करें मतदान - रामकिशोर कावरे



पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे द्वारा मतदान करने के बाद कहा गया कि आज पूरे राष्ट्र के निर्माण के लिए और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए वह जनता से अपील कर रहे हैं कि वह अधिक से अधिक मतदान करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### देश का सबसे खूबसूरत पर्व है - मधु भगत



परसवाड़ा विधानसभा के विधायक मधु भगत द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बताया गया कि यह देश का सबसे खूबसूरत पर्व है और इसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए इसमें जनता अपने अधिकार से जनप्रतिनिधि को चुनती है और यह मेरे हिसाब से देश का सबसे खूबसूरत पर्व है।

### लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी हो शामिल - अनुभा मुंजारे



बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और चर्चा में बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को शामिल होना चाहिए और अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, उन्होंने कहा कि सभी को अपने सारे काम छोड़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने मनपसंद प्रत्याशी को चुनना चाहिए और देश में साफ एवं स्वच्छ सरकार को लाकर अपने क्षेत्र का विकास करना चाहिए।

### मतदान करके बहुत अच्छा लग रहा है - सैली दादरे

चरेगांव में रहने वाली सैली दादरे बताती हैं कि उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है और उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बहुत अच्छा लग रहा है उन्होंने बताया कि पहले उनके मम्मी पापा मतदान करते थे , अब उन्हें मतदान करने का मौका मिला है और उन्हें मतदान करके बहुत अच्छा लग रहा है अब उनके पसंद की सरकार बनेगी जिससे निश्चित ही क्षेत्र का विकास होगा।

# कीटनाशक के सेवन से दो लोग अस्वस्थ

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कीटनाशक का सेवन करने से दो व्यक्ति अस्वस्थ हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। पहला मामला हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम परसवाड़ा का है । जहां खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गए एक व्यक्ति के मुंह में दवा चले जाने से वह अस्वस्थ हो गया। जिसपर ग्राम परसवाड़ा वार्ड नंबर 6 निवासी 63 वर्षीय राधेलाल पिता संतु जी पिछोड़े को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

### मुंह से खोला था कीटनाशक दवा का ढक्कन

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसवाड़ा निवासी राधेलाल खेती-बाड़ी का काम करता है जो सुबह करीब 7 बजे धान की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के लिए खेत गया था। बताया जा रहा है कि जब कीटनाशक दवा की बोतल का ढक्कन उसके हाथ से नहीं खुला तो उसने दवा का ढक्कन अपने मुंह से खोला था। जिसके चलते कीटनाशक दवा उसके मुंह में चली गई। इसके थोड़ी देर बाद उसे चक्कर आने लगे और उल्टी होने लगी। जहां तबीयत खराब होने पर वह अपने घर गया जिसने पूरी बात अपने परिजनों को बताई। जिसकी तबीयत खराब हो होने पर उसके परिजनों ने उसे मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है । वही कीटनाशक से जुड़ा दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 33 का बताया गया है । जहां वार्ड नंबर 33 निवासी 33 वर्षीय रमेश पिता पूनाराम पिछोड़े की तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि पुनाराम ने कीटनाशक का सेवन किया है या किसी और चीज का सेवन करने से उसकी तबीयत खराब हुई है फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है।बताया जा रहा है कि अस्पताल में पुनाराम के पास उसके कोई परिजन नही है।जिसे किसी ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।



# भावी सांसद का भविष्य ईव्हीएम मशीन में हुआ कैद

## विदाई के पहले दुल्हन एवं बारातियों सहित दुल्हा पहुंचा मतदान केन्द्र, किया मतदान, लालबर्रा विकासखण्ड में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव, ४ जून को होगी मतगणना







**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। देश के २१ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की १०२ लोकसभा सीटों के लिए १९ अप्रैल को प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हुआ है। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं देश के सरकार बनाने के लिए लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये मतदान केन्द्रों में १९ अप्रैल को बड़ी संख्या में मतदाता अपने घरों से बाहर निकलकर मतदान किया और इस लोकतंत्र के महापर्व पर युवा, महिला, पुरूष व बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया है। साथ ही सभी ने मतदान केन्द्र पहुंचकर इस लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर मतदान किया। इस दौरान सुबह के समय सभी मतदान केन्द्रों में भीड़ नजर आई। वहीं जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुधाटोला ( कोपे ) एवं मिरेगांव के मतदान केन्द्र में लोगों की लंबी कतार केन्द्रों के बाहर लगी हुई थी और हर कोई लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। तभी लाल जोड़े में सजी दोनों केन्द्र में एक दुल्हन वोट डालने पहुंची। जिसे देखकर हर किसी मतदाता के चेहरे पर मुस्कान आ गई और दुल्हन ने मतदान किया। जिसके बाद उसे ससुराल के लिए विदाई दी गई। वहीं लोहारा निवासी चंद्रशेखर बिसेन एवं ददिया निवासी संजय बोपचे दुल्हन लेकर अपने गांव आये और घर पहुंचने के पहले दुल्हन व बारातियों के साथ चंद्रशेखर लोहारा-२ मतदान केन्द्र क्रमांक १४५ एवं संजय बोपचे ददिया के मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया उसके बाद दुल्हन को लेकर अपने घर पहुंचा। वहीं अमोली निवासी मोनू पंचेश्वर दुल्हा बनकर मतदान केन्द्र पहुंचा और मतदान करने के बाद अपनी बारात लेकर रवाना हुआ। इस तरह दुल्हा एवं दुल्हन दोनों ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना फर्ज निभाया एवं सरकार बनाने में मतदान कर अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।**

### मतदान केन्द्रों में प्रात: १० बजे तक मतदाताओं की रही अधिक भीड़

आपकों बता दे कि बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ७७ ग्राम पंचायतों में १६५ मतदान केन्द्रों में १३ प्रत्याशियों के लिए प्रात: ७ बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और मतदाता अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर अपने नजदीकी मतदान केन्द्रों में पहुंचकर इस लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान किया है एवं मतदान के साथ ही बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के भावी सांसद का भविष्य ईव्हीएम मशीन में कैद हो चुका है। ४ जून को मतगणना होने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि १३ प्रत्याशियों में से बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से सांसद का ताज किसके भाग्य में आता है। इस मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रात: ७ बजे से लेकर प्रात: १० बजे तक अधिकांश मतदान केन्द्रों में भीड़ रही गर्मी के चलते एवं शाम ६ बजे के बाद जो मतदाता मतदान केन्द्र परिसर के अंदर थे उन्हे टोकन पर्ची वितरण किया गया और मतदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई है। लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये १६५ मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करवाया गया है परन्तु कुछ मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीन धीरे चलने व तकनीकी खराबी आने के कारण कुछ देर के लिए चुनाव भी प्रभावित हुआ है। साथ ग्राम पंचायत पांढरवानी के मतदान केन्द्र क्रमांक ६० एवं ६१ में जिस कमरे को मतदान कक्ष बनाया गया था उसके सामने मतदान क्रमांक लिखा नही होने के कारण मतदाताओं को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। शाम ६ बजे के बाद अधिकांश मतदान केन्द्रों में बहुत कम मतदाताओं को टोकन का वितरण किया गया है और रात ८ बजे तक सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गई।

### भांडामुर्री में हुआ ६० प्रतिशत से अधिक मतदान, चुनाव बहिष्कार का नही दिखा असर

निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। जिसका पालन करते हुए मतदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई है। वहीं जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भांडामुर्री के किसानों ने भाजपा सरकार के द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व धान ३१०० रूपये एवं गेंहू २७०० रूपये प्रति क्विं. की दर से खरीदने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा पूरी नही होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी थी। जिससे ऐसा लग रहा था कि भांडामुर्री के किसान व ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें परन्तु १९ अप्रैल को जब मतदान हुआ तो मजदूरों के साथ ही अधिकांश किसानों ने भी मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया है और ६० प्रतिशत से अधिक मतदान भांडामुर्री में हुआ है। वहीं कुछ किसानों ने इस लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया है जिन्होने मतदान नही किया है और सरकार से मांग की है कि विधानसभा चुनाव के पूर्व किये गये घोषणा को जल्द पूरा किया जाये अन्यथा आगामी चुनावों का भी इसी तरह बहिष्कार किया जायेगा।

### मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह

संविधान के अनुसार हर पांच वर्ष में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होता है जिसमें सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर केन्द्र की सरकार का चुनाव करती है और उन्हें पांच वर्ष तक केन्द्र में शासन करने का मौका देती है। १९ अप्रैल को देश के २१ राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की १०२ लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण में लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ और इस चुनाव में मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया एवं नये मतदाताओं ने भी इस लोकतंत्र के महापर्व में उपस्थित होकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मत का उपयोग कर मतदान किया है। इस दौरान बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं केन्द्र सरकार बनाने के लिए युवा, महिला, पुरूष, बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। इस मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रात: ७ बजे से लेकर रात ८ बजे तक मतदान केन्द्रों में प्रत्याशियों के समर्थक, पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजनों की भीड़ रही।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतेजाम

लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये गये थे और सभी मतदान केन्द्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही पुलिस टीम वाहन के द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया गया। इस चुनावी मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की विवाद होने की घटना सामने नही आई है और शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न करवाया गया।

### मतदान केन्द्र क्रमांक लिखा नही होने से मतदाताओं को हुई परेशानी - राजेश

राजेश गोस्वामी ने बताया कि ग्राम पंचायत पांढरवानी के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिस कमरे को मतदान केन्द्र क्रमांक ६० एवं ६१ बनाया गया था उसके सामने मतदान केन्द्र क्रमांक नही लिखा गया था जिसके



कारण मतदाता मतदान करने पहुंचे तो उन्हे मतदान करने कौन से कक्ष में जाना है यहां पता नही होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही यह भी बताया कि पीने के पानी की व्यवस्था थी परन्तु छाव की पर्याप्त व्यवस्था मतदाताओं के लिए नही की गई थी।

### ६० प्रतिशत से अधिक हुआ है मतदान - भरतलाल

भरतलाल क्षीरसागर ने बताया कि धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये नही मिलने से कुछ लोगों ने चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था परन्तु



बाद में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि जून में बजट आने के बाद ३१०० रूपये समर्थन मूल्य दिया जायेगा इसलिए बहिष्कार नही कर रहे और ग्राम के मतदाता पूरे उत्साह के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया है, कुछ लोग है जो मतदान करने नही पहुंचे है परन्तु अधिकांश किसान व मजदूर वर्ग ने मतदान किया है और ६० प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। श्री क्षीरसागर ने बताया कि किसी मतदाता पर किसी का कोई दबाव नही है वे स्वतंत्र होकर मतदान किये है और चुनाव के बहिष्कार का कोई असर नही दिखाई दिया।

### अधिकांश किसानों ने नही किया मतदान - अश्विनी

किसान अश्विनी भैरम ने बताया कि भाजपा सरकार ने अपनी घोषणा को पूरी नही की है जिससे नाराज होकर भांडामुर्री के ग्रामीण व किसानों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था परन्तु मजदूर वर्ग व कुछ किसान जिन्हे डर था कि उन्हे वर्तमान में जो शासन की योजना का लाभ मिल रहा है वह उनके मतदान न करने से वह लाभ नही मिलेगा




इसलिए डर से मतदान किया है परन्तु ग्राम के अधिकांश किसानों ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए मतदान नही किया है। श्री भैरम ने बताया कि हमने जो चुनाव बहिष्कार करने का शासन-प्रशासन को चेतावनी दिये थे। यह आवाज प्रदेश स्तर तक पहुंची है जिसके बाद मुख्यमंत्री बालाघाट जिले में लगातार ३ से ४ बार आये है और बोनस देने की बात कही है, जबकि छत्तीसगढ़ में किसानों को ३१०० रूपये से धान का पैमेंट किया गया है परन्तु म.प्र. में पुराना समर्थन मूल्य २१८३ रूपये से किया गया है, शेष ९१७ रूपये नही मिला है। इसी मांग की लड़ाई को लेकर हमनें चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था परन्तु कुछ किसानों ने मतदान किया है। सरकार से मांग कि धान का बोनस ९१७ रूपये जल्द प्रदान करें नही तो आगामी चुनाव का भी बहिष्कार करेगें।

### इनका कहना है

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत लालबर्रा में १६५ मतदान केन्द्र बनाये गये थे और किसी प्रकार की विवाद की स्थिति निर्मित नही हुई है, सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हुआ है।



**संजय बारस्कर**
**सहायक रिर्टनिंग अधिकारी**
**लालबर्रा**

## लाल जोड़े में दुल्हन तो सेहरा बांधकर दुल्हा पहुंचा मतदान केन्द्र

लोकसभा चुनाव के दौरान वैवाहिक कार्यक्रम का दौर जारी रहा और क्षेत्र में १८ एवं १९ अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए है जिसके चलते लग रहा था कि मतदान का प्रतिशत कम होगा परन्तु मतदाताओं ने इस लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर समय निकालकर अपना वोट डालकर इस लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता दर्ज करवाये है। इस कार्य में दुल्हा-दुल्हन भी पीछे नही रहे है और जहां शादी के मौके पर भी दुल्हा- दुल्हनों ने अपना मतदान बेकार नहीं जाने दिया और दुल्हनों ने ससुराल विदा होने से पहले मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया तो वहीं दुल्हे ने भी दुल्हन लाकर बारातियों के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया है। इस लोकतंत्र के उत्सव की ऐसी ही तस्वीर लालबर्रा विकासखण्ड के अनेक मतदान केन्द्रों में मतदान को लेकर जागरूकता दिखाई दी जिसमें दुल्हन विदाई होने पहले एवं दुल्हे ने दुल्हन को घर ले जाने के पहले मतदान किया है। इस तरह महिला वोटर देश के प्रति अपने कर्तव्य को लेकर इतनी जागरूक है कि उसने शादी के मौके पर भी अपना वोट बेकार नहीं जाने दिया है जो एक सराहनीय कदम है। जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमोली निवासी मोनू पंचेश्वर दुल्हा बनकर मतदान केन्द्र पहुंचा और मतदान करने के बाद शादी लगाने के लिए बारात लेकर रवाना हुआ। इसी तरह ददिया निवासी संजय बोपचे की शादी १८ अप्रैल को मिरेगांव निवासी युवती के साथ संपन्न हुई है और विदाई के पहले युवती ने अपने गांव मिरेगांव के मतदान केन्द्र में मतदान किया उसके बाद परिजनों ने ससुराल के दुल्हन को विदा किया एवं ददिया पहुंचकर



दुल्हा-दुल्हन सहित बाराती मतदान केन्द्र पहुंचे जहां पहले मतदान किये उसके बाद दुल्हा दुल्हन को लेकर अपने घर पहुंचा। वहीं शिवाटोला लोहारा निवासी चंद्रशेखर बिसेन की भी १८ अप्रैल को शादी थी जिसने अपनी बारात बुधाटोला कोपे लेकर गया था जहां शादी संपन्न होने के बाद १९ अप्रैल को विदाई होने के पहले दुल्हन को लेकर मतदान केन्द्र पहुंचा जहां दुल्हन ने मतदान की जिसके बाद उसकी विदाई हुई और बारात शिवाटोला लोहारा पहुंची जहां घर जाने के पहले दुल्हा दुल्हन एवं बारातियों को लेकर मतदान केन्द्र पहुंचा और सबसे पहले मतदान किया उसके बाद दुल्हन को लेकर अपने घर पहुंचा। इस दौरान उनके मतदान केन्द्रों में लाल जोड़े में सजी दुल्हन व सेहरा बांधकर मतदान करने पहुंचे दुल्हे को देखकर हर किसी मतदाता के चेहरे में मुस्कान आ गई। इस तरह से लोकसभा चुनाव में शादी के चलते दुल्हा-दुल्हन भी अपना फर्ज निभाया है।

## महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मध्यप्रदेश भोज




(मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल एवं म.प्र. में आयोजित नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम शैक्षिणक सत्र २०२३-२४ का १८ अप्रैल को पल-प्रतिपल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात् नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। जिसके बाद सीधा प्रसारण के पल-प्रतिपल कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा विश्वविद्यालय का परिचय एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु स्वागत भाषण दिया गया एवं विश्वविद्यालय के परिचय विषयक फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई गई। साथ ही कुलगुरू डॉ. संजय तिवारी द्वारा दूरस्थ शिक्षा की मुख्य विशेषताऐं एवं वर्तमान परिदृश्य से अवगत करवाया गया। आई.टी निर्देशक डॉ. एस.के. दुबे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२०, परीक्षा, एबीसीआईडी की जानकारी दी। पुस्तकालय निर्देशक डॉ. किशोर जॉन द्वारा पुस्तकालय संबंधी सुविधायें, इन्क्यूवेशन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट की जानकारी दी। विद्यार्थी सहायता निदेशक डॉ. रतन सूर्यवंशी ने प्रवेश प्रक्रिया एसएलएम, सत्रीय मूल्यांकन एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी। उपनिर्देशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा विविध मार्गदर्शन एवं अन्त में विद्यार्थी सहायता निर्देशक डॉ. रतन सूर्यवंशी के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस दीक्षारंभ कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. पल्लवी जाटव, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. क्रांति जैन, श्रीमती अनिभा शरणागत, श्रीमती आशा कारे, श्रीमती माधुरी पुसे, डॉ. विवेक खरगाल, संदीप चौरसिया, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेशकुमार पंचेश्वर सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## चुनाव में बस अधिग्रहण होने से नही चली बसें, यात्रीगणों को हुई परेशानी

### बस नही चलने से सबसे अधिक वैवाहिक कार्यक्रम में जाने वाले लोग परेशान होते नजर आये

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। देश के २१ राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की १०२ लोकसभा सीट के लिए १९ अप्रैल को लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। लोकसभा चुनाव के लिए यात्री बसों को प्रशासन के द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया था जिसके कारण लालबर्रा क्षेत्र में रोजाना अपनी रूट में चलने वाली बसें १८ एवं १९ अप्रैल को नही चलने से बस स्टैण्ड परिसर बसों से सुनसान नजर आया। वहीं यात्रीगण भी अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए दो दिनों तक परेशान होते रहे और यात्री बस नही चलने के कारण यात्रीगणों के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम में जाने वाले लोगों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। आपकों बता दे कि लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के लिए एवं बड़े नेताओं के आने पर भीड़ जुटाने के लिए सभी यात्री बसों को अधिग्रहण कर लिया जाता है और १९ अप्रैल को प्रथम चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिले की यात्री बसों को अधिग्रहण कर चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदान दलों को भेजा गया था। जिसके कारण लालबर्रा क्षेत्र में रोजाना अपने रूटिंग में चलने वाली बसे १८ एवं १९ अप्रैल को नही चली। जिसके चलते बस स्टैण्ड में बस का इंतजार करते हुए यात्रीगण खासा परेशान भी नजर आये। वहीं यात्रीगणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि





चुनाव संपन्न करवाने, चुनावी सभा में भीड़ जुटाने के लिए बसों को अधिग्रहण कर लिया जाता है। जबकि सभी बसों को अधिग्रहण नही करना चाहिए ताकि कुछ बसें चलना चाहिए जिससे दुर-दराज से आने वाले लोग बसों से आवागमन कर सके। वहीं यात्रीगणों ने चुनाव एवं पार्टी के बड़े कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता को ले जाने के लिए सभी बसों को अधिग्रहण न करने की शासन-प्रशासन से मांग की है ताकि कुछ यात्री बसे अपनी रूट पर चलते रहे जिससे ग्रामीण व यात्रीगण अपने गंतव्य की ओर सुविधा जनक पहुंच सके।

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भावी सांसद का भाग्य ईव्हीएम में कैद

## वारासिवनी विस. में 72 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान








वारासिवनी (पदमेश)। म.प्र. का प्रथम चरण का लोकसभा चुनाव २०२४ के लिए बालाघाट जिले में १९ अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के लिए मैदान में १३ प्रत्याशी है और समस्त प्रत्याशियों की ईव्हीम पर एक क्लिक के साथ किस्मत लॉक हो गई है। मतदान की प्रक्रिया वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में १९ अप्रैल को सुबह ७ बजे प्रारंभ हुई और शाम ६ बजे मतदान का समय समाप्त हो गया एवं करीब ८ बजे तक ईव्हीएम मशीन पर प्रत्याशियों के भाग्य की घंटी बजती रही और मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी वेट फार ऐट यानी ४ जून की प्रतिक्षा में लीन हो गये हैं। मगर संसदीय क्षेत्र से सांसद का ताज के लिये बहस का सिलसिला शुरू हो गया है। यह माना जा रहा है कि इस बार संसदीय क्षेत्र से तीन प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा जिसमें कांग्रेस से सम्राट सरस्वार, भाजपा से भारती पारधी, बसपा से कंकर मुंजारे, है। इसलिए कुछ नही कहा जा रहा है कि सांसद कौन बनेगा क्योंकि तीनो प्रत्याशी अपने आप में सक्षम नजर आ रहे है। वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में २३७ बूथों पर कुल २ लाख ५ हजार ३२९ मतदाता है जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या १०१८०५है , इसी तरह महिला मतदाताओं की संख्या १०३२६०है। इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या २ लाख ५ हजार ३२९ है।

### नगर सहित क्षेत्र के सभी केन्द्रों में शांति पूर्वक कराये गयें मतदान

बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के लिए वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में २३७ मतदान केन्द्र बनाये गये थे। और वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में कही भी किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना के घटने की बात सामने नही आई है। और सभी बूथों पर शांति पूर्ण ढंग से चुनाव की प्रक्रिया माईक्रो आब्जर्वरों पीठासीन अधिकारियों और सुरक्षा बलों के जवानों के सहयोग से संपन्न हुई। वारासिवनी नगर के सभी मतदान केन्द्रों में भी शांति पूर्वक मतदान कराया गया। भीषण गर्मी में मतदान केन्द्रों में ठंडे पानी की व्यवस्था की गई।



### ८१ वर्ष की महिला ने किया मतदान

नगर की वार्ड नं. ८ निवासी ८१ वर्षीय रेवतनबाई पति रतनलाल पारधी ने कृषि उपज मण्डी मतदान केन्द्र क्रमांक ६० में पहुंचकर उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी तरह वार्ड नं. ७ निवासी शारीरिक रूप से विकलांग हिरोनन्दा बाई, लीलाबाई और रमुलाबाई ने भी मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत किया। जिसमें एक महिला दृष्टि बाधित होने के कारण वह स्वंय मतदान नही कर सकती थी इसलिये इनका मतदान वार्डवासी विनोद मिश्रा के द्वारा कराया गया।

### मतदान केन्द्र क्र. ५९में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने किया मतदान

नगर के मेन प्राथमिक शाला के मतदान केन्द्र क्रमांक ५९ में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल अपनी धर्म पत्नि श्रीमती स्मिता जायसवाल , पुत्र प्रबल जायसवाल और पुत्री के साथ मतदान करने पहुंचे और मतदान किया। चर्चा में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि म.प्र. में प्रथम चरण का चुनाव सम्पन्न हुआ है । जिस प्रकार से प्रदेश में विधानसभा चुनाव में अच्छा परिणाम रहा है और भाजपा की सरकार बनी है। उसी बदलाव के चलते बालाघाट से भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी । क्योंकि प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है उन्होने अपना वादा पूरा किया है जिससे अर्थ व्यवस्था पुरी तरह सुधर चुकी है । कांग्रेस झूठे वादे कर जनता को गुमराह कर रहे है जिससे देश में भाजपा की ही लहर चल रही है। श्री जायसवाल ने बताया भाजपा का सांसद जिले में है भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी को जीताकर दिल्ली भेजेगें और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनायेगें।


फोटो:: विवेक पटेल

### मतदान केन्द्र क्र. ५६ में विवेक पटेल ने किया मतदान

नगर के कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला भवन के मतदान केन्द्र क्रमांक ५६ में वारासिवनी के विधायक विवेक पटेल अपनी धर्म पत्नि श्रीमती नंदनी पटेल,अपनी माताजी उर्मिला पटेल और अपने पुत्र के साथ मतदान करने पहुंचे और मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया और मतदान किया। चर्चा में विधायक विवेक पटेल ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी ने वोट किया अपने अधिकारों के महत्व को समझा और भाजपा से अधिक सीटे कांग्रेस म.प्र. में जीतेगी एवं बालाघाट-संसदीय क्षेत्र भी कांग्रेस के पक्ष में है ।

# कांग्रेस का किसानो को गुमराह करने का मुददा फेल, भाजपा प्रत्याशी की होगी जीत-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा क्षेत्र बालाघाट सिवनी के लिये शुक्रवार को सपंन्न हुये मतदान में वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र ११२ में मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस क्षेत्र में कुल २३७ बूथो में २ लाख ५ हजार ३२९ मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में शामिल होना था। बूथ केन्द्र ५९ में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अपने परिवार के साथ मतदान कर सभी को मतदान करने के लिये प्रेरित किया है। उन्होने क्षेत्रवासीयो से कहा की पहले मतदान फिर जलपान करे। और उन्होने मतदान के बाद एक पोहे वाले की दुकान में जाकर परिवार सहित बाद में जलपान ग्रहण किया है। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी १५ हजार से अधिक मतो से विजयी होने जा रही है। आज स्वंय उन्होने नगर सहित ग्रामों मेंहदीवाडा, कौलीवाडा, रामपायली, खैरलांजी, घोटी, डोंगरमाली, लावनी, आंरभा, मुरझड सहित अनेको पंचायतो में भ्रमण कर कार्यकर्ताओ से चर्चा भी की है। गत विधानसभा चुनाव के परे हटकर इस चुनाव में भाजपा के वोट की पुन भाजपा में वापसी इस लोकसभा चुनाव में बडी जीत होगी। श्री जायसवाल ने कहा की इस चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास कोई सकरात्मक मुद्दा ही नही था। कांग्रेस ने पुरा चुनाव सिर्फकिसानो को गुमराह करने की निति पर धान के बोनस की राशि पर लडने की रणनीति बनाई थी। जिसे भाजपा ने पुरी तरह फेल कर दिया है। इसी के साथ स्वयं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित उन्होने सभी सभाओं व बैठको में किसानो को विश्वास दिलाते हुये एक ग्यारंटी की तर्ज पर प्रदेश सरकार के जुलाई के बजट में बोनस की राशि मिलने का विश्वास दिलाया है। जिसके कारण कांग्रेस के गुमराह करने की नीति पुरी तरह फेल सी हो गयी है। श्री जायसवाल ने कहा कि पुरे क्षेत्र में ग्राम ग्राम तक जाकर प्रचार किया है। जिसमें उन्हे प्राय सभी घरो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओ के लाभार्थी मिले है। कई घरो में दो, तीन और चार तक लाभार्थी मिले है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में लाडली बहनाओ का मिला साथ इस चुनाव में और अधिक संख्या मे मिलता प्रतित होने से भाजपा की जीत सुनिश्चित होते नजर आ रही है। ग्राम चंगेरा के टुईयापार में प्राथमिक शाला के सामने के १५ दिन से खराब ट्रांसफार्मर के विषय को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। प्रदीप जायसवाल ने तत्काल विधुत विभाग के कार्यपालन यंत्री बी एल भैना, जुनीयर इंजीनियर प्रमोद पावले डोंगरमाली को चंगेरा ग्राम भेजकर तत्काल ट्रांसफार्मर बदलवाने का कार्य किया। ग्राम में जब नया टांसफार्मर पहुंचा उसके बाद ही ग्रामीणो ने मतदान प्रक्रिया में शामिल होने का कार्य किया।



## रामपायली में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

रामपायली/वारासिवनी (पदमेश)।वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम रामपायली में भी लोकसभा चुनाव को लेकर हुए प्रथम चरण के मतदान में नगर एवं क्षेत्र के सभी बूथों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। प्रात: ७ से शाम ६ बजे तक हुए मतदान में कहीं उत्साह देखा गया तो कहीं निरस्ता दिखाई दी । लोग अपने समय अनुसार आते गए और मतदान करते चले गए बताया जाता है सभी मतदान केंद्रों में ६० प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ है। कहीं कोई अप्रिय घटना के समाचार प्राप्त नहीं हुए हैं।



# चंगेरा पंचायत के टुईयापार वासियो ने कुछ घंटे के लिये किया मतदान का बहिष्कार

## विद्युत समस्या के चलते कुछ दिनो से थे परेशान - प्रशासन की समझाईस के बाद किया मतदान





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)।वारासिवनी जनपद पंचायत अर्तगत आने वाली ग्राम पंचायत चंगेरा के बूथ क्रमांक १६२ टुईयापार में रहने वाले ग्रामीणों ने कुछ घंटो के लिये लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया।ग्रामीणों द्वारा यह बहिष्कार १९ अप्रैल को जब किया गया तब मतदान प्रक्रिया सुबह ७ बजे से प्रारंभ होनी थी। ग्रामीणों द्वारा यह बहिष्कार अपनी एक सूत्रीय मांग बिजली नही तो वोट नही के नाम पर किया गया था। बताया जा रहा है कि एक पखवाड़े पूर्व इस ग्राम में आंधी तूफान की वजह से ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा वारासिवनी कार्यालय व डोंगरमाली कार्यालय में दी गई थी। मगर उसके बाद जो सुधार कार्य हुआ उससे सिर्फ घर की विद्युत व्यवस्था ही बहाल हो पाई थी। किसानों को मिलने वाली थ्रीफेस लाईन का कनेक्शन से खेतो में सिंचाई के लिये मोटर की सहायता से चलाये जाने वाले पानी की व्यवस्था ठप्प पड़ी थी। इसी बात का उन्होने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान न कर बहिष्कार करने का मन बना लिया था। प्रशासन को जैसे ही इस बात की खबर लगी तो नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ व एसडीओपी ने मौके पर पहुॅचकर वास्तु स्थिति का जायजा लिया ओर ग्रामीणों को समझाईस दी वही उनकी मांग पर उन्होने सहायक यंत्री एमपीईबी विभाग को बुलाया जिन्होने आश्वासन दिया की नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद ही इस ग्राम के मतदाताओं ने जब तक ट्रांसफार्मर लगाये जाने की प्रक्रिया पूर्ण नही हुई जब तक मतदान नही किया। लगभग सुबह ११.१५ बजे से इस बूथ क्रमांक १६२ में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

### ८ से १० दिन हो गये नही मिल रही बिजली - धनेन्द्र चौधरी

ग्रामीण धनेन्द्र चौधरी ने पद्मेश को बताया कि करीब ८ से १० दिन हो गया उन्हे बिजली पर्याप्त रूप से नही मिल पा रही है। मच्छरों की वजह से सोना हराम हो गया है वही पंखे नही चल रहे है। इसी वजह से हमने लोकसभा चुनाव में मतदान नही करने का निर्णय लिया है। हम सभी ग्राम टुईयापार के निवासी है। अभी थोड़ी देर पहले जनपद सीईओ व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी आये थे। जिन्होने हमे आश्वासन दिया है कि आपकी समस्या का शीघ्र निराकरण हो जायेगा मगर जब तक निराकरण नही होगा हम बूथ पर अपना मत देने नही जायेंगे। हमारी एक ही मांग है कि हमे लाईट चाहिये ओर इसके अलावा हमारी कोई मांग नही है।

### यह काफी गंभीर समस्या है - ठेनेन्द्र ठाकरे

इसी तरह ग्रामीण ठेनेन्द्र ठाकरे ने बताया कि अगर हमारी समस्या का समाधान हो गया तो हम लोग मतदान अवश्य करेंगे। हमारे ग्राम में बिजली पानी सहित अन्य समस्या है जिसका समाधान नही होगा तो हम लोग क्यो मतदान करे। अधिकारी गण लोग आये थे लेकिन मेरी उनसे ज्यादा चर्चा नही हो पायी। मगर खासकर जब तक बिजली की समस्या का समाधान नही होगा तब तक हम लोग मतदान करने बूथ पर नही जायेंगे।

### खेतों में लगी फसल सूख रही है - कैलाश डहाके

ग्रामीण कैलाश डहाके ने पद्मेश को बताया कि यह ग्राम पंचायत चंगेरा का टुईयापार ग्राम है। जहां के समस्त ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे है। हमारे ग्राम में ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद सिर्फ एक फेस से ही विद्युत सप्लाई हो रही है। खेतो में लगे मोटर पंप बंद पड़े हुये है जिससे हमारे ग्राम में लगी रबी की फसल सूखने की कगार पर आ गई है। हम यही चाहते है कि हमे पर्याप्त रूप से नये ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली प्रदान की जाये वरना हम मतदान होने के बाद तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### ग्रामीणों की समस्या सुन उसका हल निकालने के बाद शुरू हुआ मतदान - दिक्षा जैन

जब इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ दिक्षा जैन ने पद्मेश को बताया कि उन्हे खबर लगी की वारासिवनी जनपद पंचायत अंर्तगत आने वाली चंगेरा ग्राम पंचायत के टुईयापार बूथ क्रमांक १६२ में कोई मतदाता मतदान नही कर रहा है। यह खबर लगते ही वे तहसीलदार, एसडीओपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुॅची। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों की समस्या को सुना जिसमे वे विद्युत प्रदाय जिस ट्रांसफार्मर से हो रहा है उसमे तकनीकी खराबी है। ग्रामीणों को समझाईस दी गई है जिसके बाद वे मतदान करने तैयार हो गये है। हमारे द्वारा मतदान प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### ग्रामीणों की मांग मान ली गई है - एसडीओपी

इसी तरह लॉयन आर्डर न बिगड़े इस बात की सूचना लगते ही एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी मौके पर पहुॅचे जिन्होने पद्मेश को जानकारी देते हुये बताया कि ग्रामवासियो की थ्री फेस बिजली देने की मांग थी साथ नया ट्रांसफार्मर लगाये जाने की बात कही जा रही थी। उनकी यह मांगे मान ली गई है। जो ग्रामीणों ने बहिष्कार चुनाव का किया था उन्हे मतदान करने के लिये मना लिया गया है। मतदान प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है ओर ग्रामीण मतदान करने बूथ क्रमांक १६२ टुईयापार में पहुॅच रहे है।

### नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है - मुकेश जाधव

एमपीईबी के सहायक यंत्री मुकेश जाधव ने पद्मेश को बताया कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसे बदलने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जिसके लिये अमले को बुलाया गया है। ग्रामीणों की जो बिजली संबंधी समस्या थी उसे दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण अब मतदान करने भी बूथ पर पहुॅच रहे है।

### ४१८ है टुईयापार बूथ क्रमांक १६२ में मतदाता

यहां यह बताना लाजमी है कि इस मतदान केन्द्र में कुल ४१८ मतदाता है। जिसमे २१० महिला मतदाता व २०८ पुरूष मतताओं की संख्या है। अब देखना यह है कि इस बूथ क्रमांक १६२ टुईयापार में कितने मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नाजुक बढ़त : भारत का निर्यात

भारत का माल निर्यात पिछले महीने 41.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 12 महीने के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया, जोकि मार्च 2023 के आंकड़ों से थोड़ा कम और फरवरी माह के 41.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े से थोड़ा ज्यादा है। आयात छह फीसदी गिरकर 57.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया, जिससे व्यापार घाटा 11 महीने के निचले स्तर पर आ गया। पिछले दो महीनों के मजबूत निर्यात के आंकड़ों ने बाहर भेजे जाने वाले लदान (आउटबाउंड शिपमेंट) की आंकड़े को जनवरी के अंत में 354 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर पूरे साल के लिए 437.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर दिया है, जोकि 2022-23 के रिकॉर्ड 451 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रदर्शन से मात्र तीन फीसदी ही कम है। जिन्सों (कमोडिटी) की कीमतों, जोकि पिछले साल औसतन लगभग 14 फीसदी कम थी, में गिरावट के बीच यह एक सराहनीय नतीजा है, जिसे प्रमुख बाजारों में पहले के मुकाबले ज्यादा सुदृढ़ साबित होने वाली मांग से मदद मिली। आयात में 4.8 फीसदी की तेज गति से आई गिरावट ने व्यापार घाटे को भी कम कर दिया है और अब अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि जनवरी-मार्च वाली तिमाही एक छोटे लेकिन दुर्लभ चालू खाता अधिशेष (करेंट अकाउंट सरप्लस) के साथ समाप्त होगी। पूरे साल के दौरान हुए सेवाओं के व्यापार का आंकड़ा बाद में उपलब्ध होगा, लेकिन वाणिज्य मंत्रालय का अनुमान है कि 2023-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले साल के मुकाबले आंशिक रूप से ज्यादा होकर 776.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा। व्यापार जगत के दिग्गजों का मानना है कि यूक्रेन से लेकर फिलिस्तीन एवं लाल सागर तक लगातार संघर्ष का सामना करने के बावजूद माल निर्यात सकारात्मक वृद्धि के चक्र में प्रवेश कर गया है। पिछले सप्ताह, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने जोखिमों के नीचे की ओर झुके होने के साथ वैश्विक व्यापार की मात्रा में होने वाली वृद्धि के अपने अनुमान को पहले के 3.3 फीसदी से घटाकर 2.6 फीसदी कर दिया। ऐसा 2023 की व्यापार की मात्रा के लिए डब्ल्यूटीओ के संशोधन से होने वाले अनुकूल आधार प्रभावों के बावजूद है, जिसके बारे में उसका कहना है कि व्यापार की मात्रा में पहले की 0.8 फीसदी की गिरावट की उम्मीद के बनिस्बत 1.2 फीसदी की गिरावट आई है। वर्ष 2024 में एशिया से होने वाले निर्यात की मात्रा में जहां 3.4 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है, वहीं आयात के भी 5.6 फीसदी ऊपर चढ़ने की उम्मीद है। भारत मे स्वस्थ मानसून के चलते विवेकाधीन आयात सहित घरेलू मांग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लेकिन दुनिया के दो प्रमुख नौवहन (शिपिंग) मार्गों - स्वेज और पनामा नहरों - पर निरंतर व्यवधानों के साथ-साथ भू-राजनैतिक संकटों और कई देशों में वैश्विक व्यापार के फायदों को लेकर बढ़ते संदेह ने वैसे जोखिम पैदा कर दिए हैं जो अभी तक पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। निर्यातक उत्साह से लबरेज आधिकारिक दृष्टिकोण को लेकर उतने आश्वस्त नहीं नजर आते - उन्हें माल भेजने (शिपिंग) की लागत में होने वाली बढ़ोतरी के अनुरूप जल्द ही कीमतें बढ़ाना शुरू करना होगा, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धी दबाव का सामना करना पड़ेगा। एशिया और भारत के लिए, होर्मुज जलडमरूमध्य में लंबे समय तक चलने वाला कोई भी टकराव व्यापार और व्यापक आर्थिक संतुलन के लिहाज से सबसे बड़ा खतरा साबित होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य इस इलाके के तेल और गैस आयात का एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग है। मार्च महीने में कच्चे तेल की कीमतों में पहले से ही बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है क्योंकि पेट्रोलियम व्यापार घाटा 11.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड मासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जबकि तेल निर्यात आठ महीने के निचले स्तर पर आ गया है। ऊर्जा आयात पर भारत की अत्यधिक निर्भरता के बारे में हमें पता है और वैश्विक स्तर पर ऊर्जा एवं खाद्य पदार्थों की कीमतों में कोई भी उछाल वैश्विक स्तर पर ब्याज दर में कटौती एवं बेहतर मांग की उम्मीदों को भी पटरी से उतार देगा।

# भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है।

भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा।

उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। 'आधार' ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है।

भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके। इन शहरों के बुनियादी ढांचे का अतुलनीय विकास किया जा रहा है। जिससे रोज़गार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एयरपोर्ट की संख्या पिछले 10 वर्षों में दुगने से भी अधिक होकर 150 तक पहुंच गई है और इसे वर्ष 2025 तक 200 की संख्या तक ले जाया जा रहा है। रेल्वे का विद्युतीकरण किया गया है। रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई गई है, जिससे देश में कार्यक्षमता के स्तर में सुधार हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। आज भारत का रोड नेट्वर्क चीन से भी अधिक होकर विश्व में केवल अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। भारत सरकार की वर्ष 2024 से वर्ष 2030 के बीच देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च करने की योजना है। इस प्रकार भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ऐसी सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है।

**-प्रहलाद सबनानी**

# कमलनाथ को अनाथ करने की मुहिम...

एक निशान और एक विधान की बात करने वाली भाजपा इस समय मध्यप्रदेश में लोकसभा की छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए न केवल पूरी पार्टी की बल्कि प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा बैठी है । यहां से कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कमलनाथ कांग्रेस के उन नेताओं में से एक हैं जो राजनीति में अजेय रहकर चुनावी राजनीति से बाहर खड़े भाजपा को खीजते देख रहे हैं। मध्य्प्रदेश में लोकसभा की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव हो रहा है। एक सीट का चुनाव बसपा प्रत्याशी के निधन की वजह से स्थगित हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में [2019 ] भाजपा ने कांग्रेस के अजेय युवा नेता और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को ठीक जिस तरह घेरकर पराजित किया था,उसी तरह से इस बार भाजपा के निशाने पर नाथ परिवार है । सिंधिया अब भाजपा में हैं। कांग्रेस मप्र की प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट को अपने खाते में डालने के लिए पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को पार्टी में शामिल करने जके लिए उतावली थी ,लेकिन ऐन मौके पर पार्टी में उठे विरोध की वजह से ये काम। हो नहीं पाया। अब भाजपा नकुलनाथ के बहाने कमलनाथ की राजनीतिक विरासत को छीन लेना चाहती है। मध्यप्रदेश में अकेली छिंदवाड़ा सीट ऐसी है जहां दिलचस्प चुनाव हो रहा है। यहां एक तरफ भाजपा की अक्षोहिणी सेना है और दूसरी तरफ कमलनाथ अकेले हैं। कमलनाथ 1980 से छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते आ रहे हैं और पिछले 44 साल में एक उप चुनाव को छोड़ कमलनाथ यहां से सदैव विजयी रहे। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 9 बार जीता और जब खुद चुनाव नहीं लड़े तो एक बार अपनी पत्नी अलकानाथ को और एक बार अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जितवाया। 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी छिंदवाड़ा ने नाथ परिवार को ही चुना। छिंदवाड़ा ने अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से केवल एक बार भाजपा को मौक़ा दिया था 1997 में लेकिन बाद में अपनी गलती सुधार ली। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राजगढ़ सीट भी है लेकिन भाजपा का फोकस केवल और केवल छिंदवाड़ा पर है।भाजपा इस बार राजगढ़ की कीमत पर छिंदवाड़ा सीट जीतना चाहती है ,क्योंकि भाजपा के भाग्यविधाताओं को लगता है की मध्यप्रदेश में अब कमलनाथ ही कांग्रेस के सबसे सम्पन्न और ताकतवर नेता बचे है। उन्हें राजनीति से बेदखल किये बिना मध्यप्रदेश से कांग्रेस को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। कमलनाथ के मुकाबले दिग्विजय सिंह भाजपा को कम खतरनाक नेता लगते है। वैसे भी भाजपा में कमलनाथ के चिंतक कम दिग्विजय सिंह के ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी कभी भी दिग्विजय सिंह के खिलाफ नहीं गयी और आज भी परोक्ष रूप से ये जोड़ी दिग्विजय सिंह की मददगार मानी जाती है। 2019 में करीब 38 हजार वोटों से चुनाव जीतने वाले कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ पर एक बार फिर से कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है. वहीं भाजपा ने विवेक बंटी साहू को टिकट दिया है। ये वही विवेक हैं जिन्होंने साल 2018 और साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को कड़ी टक्कर दी थी. हालांकि दोनों बार कमलनाथ जीत गए थे। लेकिन वोटों का फासला बेहद कम था. 2018 के चुनाव में कमलनाथ ने 25 हजार और 2023 के चुनाव में 34 हजार वोटों से ही सफलता पाई थी। विवेक साहू पार्टी के जिलाअध्यक्ष भी रहे हैं। छिंदवाड़ा में जहाँ भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है वहीं कांग्रेस ने कमलनाथ को अकेला छोड़ दिया है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ रही है । कांग्रेस को उम्मीद है की भाजपा के छिंडवाडा में उलझने का लाभ कांग्रेस को मिलेगा और इस चुनाव में कांग्रेस कम से कम दो अंकों में लोकसभा की सीटें हासिल कर लेगी। मै अपने अनुभव से ये कह सकता हूँ कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जहाँ केवल और केवल प्रधानमंत्री मोदी जी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है वहीं कांग्रेस में अनेक सीटों पर प्रत्याशियों की अपनी भूमिका है ,हालाँकि एन मौके पर बसपा ने मध्यप्रदेश में अनेक लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर कांग्रेस का खेल खराब करते हुए भाजपा की इमदाद की है। खास तौर पर ग्वालियर-चंबल अंचल में। बसपा को मप्र से एक भी सीट नहीं मिल सकती लेकिन वो भाजपा का नुक्सान कम जरूर कर सकती है।

**राकेश अचल**

## मनुष्य की तरह रहो!

कहते हैं धन गया तो मनुष्य का कुछ गया।
कहते हैं तन गया तो मनुष्य का जरा कुछ गया।।
और चरित्र गया तो मनुष्य का सब कुछ गया।
और ऐसे में *मनोस्थिति* ही बेकार हो गया, और मनुष्य का अस्तित्व ही चला गया।।
देखो आज तो हर *आदमी* परेशान है।
सब कुछ जान कर भी *अनजान* हैं।।
जानते हैं *समाधान* सभी लोग फिर भी
जाने किस बात की उनको *गुमान* है।।
अब तो सब कुछ है सब लोगों के *पास*।
फिर भी अपने जीवन से हैं त्रास।
तन दुमनट्ठ धन जीवन में कहीं *शांति* नहीं पास।
काम,क्रोध, *लोभ* मोह, अंधकार।
ये पांच बिंदु जीवन *बर्बादी* के सार।।
आहार, विहार, *दिनचर्या* में हाहाकार,
मनुष्य जीवन के हैं *मानसिक* भार।।
सब को खुश रहना है *उठ* जाओ भोर।
जरा देखो प्रकृति में अपने *चारो* ओर।।
जो भी मिला है *आपको* जीवन से सभी ओर,
धन्यवाद ज्ञापित कर दो ईश्वर की ओर।
नित्य *एकाग्र* मन से ध्यान लगाओ
बाहर की *दुनियां* से मन को हटाओ।।
भौतिक, *सुख-सुविधाओं* से दूर जाओ।
मन की शांति के लिए अच्छे काम करो व अच्छे लोगों के करीब आओ व बुरे लोगों से दूर हो जाओ।!
अब तु ना यूँ मछली खाकर वीडियो बनवाना,
मछली को काटकर हेलीकाप्टर से घूमते हों.
माना हो आप इसके शौकीन लेकिन बुरा मत दिखायो.
बेचारे मछली को क्या मालूम कब था नवरात्र,
हर दिन है ईश्वर का दिन जो आपको भी ठेंगा दिखयेगा चुनाव के रिजल्ट के दिन ।!

**- संजय गोस्वामी**

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है, आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं।

विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज़्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।

सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशू को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु, हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरूषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था।

सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्यौहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दर्शाते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है। तभी तो ब्रिज की होली और कुम्भ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदूओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनैतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है। सनातन हिंदू धर्म बिलकुल ही कट्टरपंथी धर्म नहीं है। अन्य धर्मों की तरह इसमें किसी भी प्रकार का सामाजिक दबाव नहीं हैं। इस धर्म में धार्मिक शिक्षा के लिए कोई भी जोर जबरदस्ती नहीं है जैसा कि कुछ अन्य धर्मों में होता है। हिंदू धर्म मानता है कि शिक्षा सभी तरह की होनी चाहिए केवल धार्मिक आधार पर शिक्षा देना उचित नहीं है। किसी भी बच्चे की शिक्षा में अगर संस्कार जुड़ जाए तो वह बच्चा बड़ा होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है और वह एक अच्छा इंसान बनता है। सनातन हिंदू धर्म में परोपकार की भावना होती है। अन्य धर्मों की तरह यह केवल अपने वर्चस्व के बारे में नहीं सोचता है।

इंडोनेशिया जो कि एक मुस्लिम बहुल देश हैं वहां पर सनातन हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार आज भी पाए जाते हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि यह देश हिंदू धर्म से कितना प्रभावित रहा है। मुस्लिम बहुल देश होने के बावजूद हिंदू धर्म का बहुत बड़ा प्रभाव यहां आज भी दिखाई देता है। मुस्लिम लोग भी अपना नाम हिंदू देवी देवताओं के नाम पर रखना पसंद करते हैं। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी नागरिक पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी को लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाता है। परंतु, आज प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बहुत से लोग अन्य धर्मों को छोड़कर स्वप्रेरणा से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों को जितना सम्मान दिया जाता है उतना किसी भी अन्य धर्म में नहीं दिया जाता है। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा की जाती है। सनातन हिंदू धर्म में आस्था का मतलब है कि जीवन में उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता की ओर झुकाव। जहां भारत में सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की नाकाम कोशिश की जाती है वहीं रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, घाना, सुरीनाम जैसे देशों में हिंदू धर्म तेजी से फैल रहा है। सनातन हिंदू धर्म पूरी दुनिया को शांति का संदेश देता है।

कई देशों में तो आज सनातन हिंदू संस्कारों का अनुपालन करते हुए विशेष गांव स्थापित किए जा रहे हैं। आयरलैंड में 22 एकड़ का एक हिंदू आइलैंड बन गया है। इसे हरे कृष्णा आइलैंड का नाम दिया गया है। यहां निवासरत समस्त नागरिकों द्वारा सनातन हिंदू धर्म के प्राचीन रीति रिवाजों का पालन बहुत ही सहजता के साथ किया जाता है। सनातन हिंदू धर्म के वैदिक नियमों को सदा सदा के लिए जीवित रखने के लिए यहां पर रहने वाले सनातनी हिंदू, मांस का परित्याग का शाकाहारी भोजन गृहण करते हैं। नशीले पदार्थों, शराब एवं सिगरेट आदि पदार्थों से भी दूर रहते हैं। सुबह एवं शाम मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं। उनका जीवन सादगी भरा रहता है तथा कृषि एवं गाय पालन करते हुए अपना जीवन यापन करते हैं। महिलाएं साड़ी पहनती है एवं पुरुष धोती कुर्ता धारण करते हैं। इसी प्रकार के गांव जहां हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन किया जाता है अन्य कई देशों यथा घाना, फीजी एवं अन्य कई अफ्रीकी देशों, सुदूर अमेरिका, यूरोप के देशों, आदि में भी तेजी से फैलते जा रहे हैं।


इसी प्रकार, कजाकिस्तान एक मुस्लिम देश है क्योंकि यहां की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी इस्लाम को मानने वाले लोगों की है। परंतु, हाल ही के समय में यहां भी एक बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है और यहां नागरिक सनातन हिंदू धर्म के प्रति आकर्षित होते दिखाई दे रहे हैं। यहां सनातन हिंदू धर्म की लहर इतनी तेजी से उठी है कि हर तरफ हिंदू धर्म की आस्था एवं आध्यात्म का फैलाव दिखाई दे रहा है। यहां के युवा विशेष रूप से भगवत गीता पढ़ने की ओर आकर्षित हो रहे हैं और हिंदू धर्म को समझने का प्रयास कर रहे हैं। एक कजाकिस्तानी महिला मारीना टारगाकोवा की भगवत गीता को पढ़कर हिंदू धर्म के प्रति रुचि इतनी बढ़ी है कि अब उसने जैसे बीड़ा ही उठा लिया है कि वह कजाकिस्तान में सनातन हिंदू धर्म को फैलाने का प्रयास लगातार करती नजर आ रही है।

**- प्रहलाद सबनानी**

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

## लांजी क्षेत्र में हुआ 72.19 प्रतिशत मतदान, कलेक्टर एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण





लांजी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट सिवनी लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 के अन्तर्गत लांजी विधानसभा में लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस भीषण गर्मी, शादी विवाह अनेकों कार्यक्रमों के बावजूद लगभग 72.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी मत रूपी आहुति डाली है। बतादे कि लांजी विधानसभा के अनेकों मतदान केन्द्र संवेदन शील एवं अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के अन्तर्गत आते है बावजुद जहां पर पुलिस तथा निवार्चन आयोग के लिये चुनौती बनती है अधिक से अधिक मतदान कराने का जिसे बखुबी पूर्ण भी किया गया और लगभग 72 प्रतिशत से अधिक लांजी विधानसभा क्षेत्र में मतदान हुआ है। लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत 19 अप्रैल को लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के प्रति मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। जिसका प्रमुख कारण मतदाताओं में मतदान के प्रति जो उत्साह है देखने योग्य है इस तड़पाती, चिलचिलाती गर्मी में मतदाता सुबह से लेकर शाम तक मतदान करते नजर आये, महिलाओं हो या बुजूर्ग या दिव्यांग हर कोई प्राथमिकता के साथ मतदान करने पंहुचा, ऐसा कोई मतदाता नही होगा जो ग्राम में है और अपने पास के मतदान केन्द्र मत देने ना जाये, लग्नसरा के इस दौर में स्वाभाविक रूप से अनेकों लोग बहार होंगे शादियों मे बहार होने के कारण ही वे वोट देने नही आए जिसके चलते मतदान प्रतिशत विधानसभा के नजरिये कम हो लेकिन लोकसभा 72.19 फिसदी मतदान होना अपने आप मे बडी बात है, इसका श्रेय सीधे तौर पर प्रशासन को, आजीविका एसआरएलएम सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को मिलना चाहिये जिन्होने मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमो के साथ मतदाताओं का विभिन्न प्रकार से जागरूक किया ताकि मतदाता अपने अधिकार को समझे और मतदान करने पंहुचे। अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के चलते 19 अप्रैल का दिन लांजी किसी बडी छावनी से कम नही लग रहा था नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों में शस्त्र जवान, आसमान में ड्रोन एवं हैलीकाप्टर से नजरे, मार्गो पर रोड ओपनिंग पार्टीयां, वरिष्ठ अधिकारियो सहित 24 मोबाईल पार्टीयों के सतत दौरे चलते रहे। कोई भी सूचना हो पुलिस तत्काल एक्शन लेकर संबधित स्थान पर पंहुच रही थी। लोकसभा चुनाव 2024 में कडी पुलिस सुरक्षा के बीच शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### सारे काम छोड़कर सबसे पहले किया मतदान

लांजी क्षेत्र मतदातो ने सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो के नारे को सार्थक किया। मतदान सुबह 7 बजे से प्रारंभ होना था लेकिन मतदाता इतने जागरूक थे की अपने अपने मतदान केन्द्रो मे सुबह से बजे से ही लंबी कतारो मे लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हुये नजर आये और जैसे ही 7 बजे मतदान कि प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो सभी मतदाताओ ने अपने मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व से जुड़े।

### कलेक्टर एसपी ने किया हैलीकाप्टर से दौरा

बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन में दिनांक 19 अप्रैल को लोकतंत्र के इस महापर्व पर मत रूपी आहुति मतदाताओं ने डाली। इसी कड़ी में संसदीय क्षेत्र के लांजी विधानसभा क्षेत्र में शांति पूर्ण रूप से चुनाव संपन्न हुये। बतादे कि लांजी क्षेत्र अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्रो में से एक जिसके चलते जमीन से लेकर आसमान तक कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के द्वारा संपन्न कराई जा रही थी। उक्त संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर रखते हुये बालाघाट जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने हैलीकाप्टर से संपूर्ण क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसी कड़ी में दोनो ही अधिकारी हैलीकाप्टर से लांजी स्थित कोटेश्वर धाम के समीप हैलीपेड पर पंहुचे जहां से दोनो पहले चिलोरा स्थित मतदान केन्द्र पंहुचे जो कि नक्सल क्षेत्र के अन्तर्गत मतदान केन्द्रो में से एक है इसके पश्चात लांजी के उत्कृष्ट विद्यालय स्थित पिंक बूथ में पंहुचकर जायेजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी गिरीश मिश्रा ने मिडिया से चर्चा भी और बताया कि संसदीय क्षेत्र में शांति पूर्ण रूप से मतदान प्रक्रिया पूर्ण हुई है।

# बहेला के ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क व अन्य मांगों को लेकर किया चुनाव का बहिष्कार

## प्रशासन की समझाइश के बाद भी नहीं माने ग्रामीण



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विधानसभा क्षेत्र ग्राम बहेला के ग्रामीण में लोकतंत्र के इस महापर्व पर आहुति डालने से मना कर दिया है और इस चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। बतादे कि विगत कई वर्षो ग्राम बहेला के निवासी मोबाईल नेटवर्क की समस्या से जुझ रहे है इसके अलावा पीने के पानी की समस्या,नल जल योजना का शुरू नही होना, किसानों को पर्याप्त बिजली नही मिलना सहित अनेकों मुलभूत समस्याओं के चलते बहेला ग्राम वासियों का विरोध मुखर हो गया है और 19 अप्रैल को लोकतंत्र के इस महापर्व का कर दिया गया बहिष्कार, अधिकारियों के समझाईश पर भी नही माने बहेला निवासी। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक 1637 मतदाताओं में से केवल 38 लोगो ने मतदान किया। बतादे कि इन 38 में शासकीय कर्मचारी अधिकारी हो सकते है ग्रामीणो ने पुरी तरह से चुनाव का बहिष्कार करने जानकारी प्राप्त हुई। ग्राम पंचायत बहेला निवासीयों के द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी 8 अप्रैल को ही दे दी गई थी जब अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुये एसडीएम लांजी को ज्ञापन भी सौंपा था। साथ ही चलित मतदान दल का विरोध हुआ था लेकिन एसडीएम लांजी की समझाईश पर चलित मतदान दल के द्वारा मतदान तो करवा लिया गया लेकिन 19 अप्रैल को जब सबके मतदान की बारी आई तो विरोध के स्वर इतने मुखर हो गये की जनता एक जुटता के साथ खड़ी हो गई और चुनाव का बहिष्कार कर दिया। इस संबध मे कुछ ग्रामीणो से चर्चा भी गई तो बताया कि बहेला जो कि एक ऐसी पंचायत है आधुनिक युग में मोबाईल नेटवर्क सहित इन्टरनेट सेवा से अछुति पड़ी है लगभग 15 से अधिक वर्षो से यहां के ग्रामीण सुचारू मोबाईल नेटवर्क इन्टरनेट सेवा के लिये लड़ाई लड रहे है लेकिन इनकी इस समस्या को ना तो अधिकारियों ने ध्यान दिया और ना ही जनप्रतिनिधियों ने जिसके चलते अब बहेला में अनेको समस्याऐं उत्पन्न होने लगी है यहां तक की अधिकांश लोगो के द्वारा बहेला छोडकर एक दुसरा घर अन्य शहरो एवं पडोसी ग्रामो में बनाने को मजबूर है लेकिन बहेला में नही रहना चाहते और अब इसी समस्या को लेकर तथा ग्राम मे नल जल समस्या को लेकर ग्राम बहेला के लोगो ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है जब सुविधा ही नही तो वोट किस बात। अब जब सरकार सुविधा देगी तो हम वोट करेंगे। ग्राम पंचायत बहेला मुंशीटोला, पंचमटोला, दडबड़ा टोला जहां नल जल योजना का कार्य विगत 2 वर्ष से पूर्ण नही होने के कारण ग्रामीणो ने चुनाव का बहिष्कार कर रहे है। ग्रामीणो ने ज्ञापन मे बताया कि ग्राम पंचायत बहेला के पंचमटोला, दडबडाटोला और मुंशीटोला मे अब तक नल जल योजना प्रारंभी नही हुई है। कई जगह तो पाईप लाईन तक नही बिछी है तो कई जगह पाईप के कनेक्शन तक नही हुये है विगत 2 वर्षो से ठेकेदार पता नही क्या कार्य कर रहा है और विभाग भी ऐसे ठेकेदारो पर कोई कार्यवाही नही करता। क्योंकि ग्रामीण जन बुंद बुंद पानी के लिये तरस रहे और बाट जोह रहे है कि कब यह नल जल योजना प्रारंभ होगी। इन दोनो मुद्दो सहित किसानों की बिजली समस्या एवं अन्य मुलभूत समस्या को ध्यान में रखते हुये ग्राम पंचायत बहेला के ग्रामीण जनो ने लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार किया है।

### 1637 मतदाताओं में से केवल 38 लोगो ने किया मतदान

बहेला ग्राम पंचायत में बहेला, मुंशीटोला, पंचम टोला, दडबड़ा टोला मिलाकर 2 मतदान केन्द्र है 212 और 213 इन दोनो मतदान केन्द्र में लगभग 1637 मतदाता है जिनमें केवल 38 लोगो ने मतदान किया है इनमें 1 बुथ में 26 और दुसरे बुथ में 12 लोगो ने मतदाता किया है। जिसमें केवल शासकीय सेवा से जुडे लोगो के द्वारा मतदान किये जाने की चर्चाऐ है। ग्रामीणों के द्वारा मतदान का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया गया है अब देखना है यह है कि शासन प्रशासन ग्रामीणो की इन मांगो का कब तक निराकरण कर पाती है क्योंकि ग्रामीणो ने बोला कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही होगी हम आने वाले चुनाव का भी बहिष्कार करेंगे।

# दुल्हा-दुल्हन ने मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पुरे देश में लोकतंत्र का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान किया। इसी कड़ी में लांजी विकासखण्ड के ग्रामों में भी मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया एवं शाम 4 बजे तक लगभग 72 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में नवविवाहित जोड़े भी पूरे उत्साह के साथ मतदान रूपी आहुति दी । लांजी से लगे ग्राम पूर्वाटोला के बूथ क्रमांक 261 में बिदाई के पूर्व दुल्हा बने आकाश एवं दुल्हन बनी प्रिया ने शादी के जोड़े में मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह पूर्वाटोला के ही दुल्हा बने कैलाश ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। ग्राम दहेगांव में दुल्हा तिलक पालेवार ने अपनी दुल्हन के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह क्षेत्र के अनेकों ग्राम में इस तरह की स्थिति देखने को मिली। इन दूल्हा और दुल्हन का कहना है कि वोट की



स्याही का रंग भी शादी की मेहंदी के रंग से कम नहीं होता है। आपने सभी से देश हित में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।


लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927


# पेट दर्द व बुखार के बढ़ रहे रोगी

## गर्मी की वजह से स्वास्थ पर पड़ रहा असर

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। तेज गर्मी की तपन अब चुभने लगी है। बीते दो तीन दिन से देखा जा रहा है कि वातावरण में आसमान खुलने की वजह से स्वास्थ पर गहरा असर पड़ रहा है। जिसकी वजह से आमजनमानस



खांसी बुखार के साथ ही पेट की समस्या से ग्रसित है। बताया जा रहा है कि यह तो अप्रैल माह ही चल रहा है मई व जून में भीषण गर्मी का दौर आयेगा तब तो आलम ओर बिगड़ जायेगा। गौरतलब है कि बीते कुछ दिन पूर्व हुई बारिश से वातावरण में उमस का दौर था मगर जैसे ही आसमान साफ हुआ तो गर्मी चरम पर आ गई है। लोगो ने कूलर एसी प्रारंभ कर दिये है। ताकि उन्हे ठंडक मिले। १९ अप्रैल को वारासिवनी का तापमान ३९ डिग्री सेल्सियस तक पहुॅच गया था। मौसम में एकाएक पड़ रही गर्मी का खामियाजा आमजनमानस बिमारी के रूप में उठा रहा है। वर्तमान में शासकीय सिविल अस्पताल में पेट दर्द, बुखार व खांसी के मरीजो की संख्या अधिक है। इस संबंध में पद्मेश को दूरभाष पर जानकारी देते हुये ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर डॉ. कमलेश झोड़े ने बताया कि गर्मी का मौसम आते ही इस तरह के रोगियो की संख्या हमेशा बढ़ती है। हम रोगियो को इसी बात की सलाह देते है कि वे अपने खान पान पर विशेष ध्यान दे। श्री झोड़े ने बताया कि अभी शादी विवाह का भी दौर चल रहा है। जहां मशाला युक्त भोजन बनता है। ऐसे में जितना हो सके उतना हल्का भोजन करना चाहिये ताकि आप स्वस्थ रहे।

# घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। थाना क्षेत्र के ग्राम बिरसोला में कृष्णा राहंगडाले के घर में शुक्रवार की दोपहर अचानक से आग लग गई। घटना के समय गृहस्वामी पुराने घर के सामने बने नए मकान में थे. जैसे ही उन्होंने अपने पुराने मकान में आग की लपटें उठते हुए देखी तो तेजी से मकान की तरह दौड़ लगाई। वहीं आग की लपटें देखते ही गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचें जिन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग से घर के कमरे में रखा अनाज गेहूं, चांवल, कपड़े, बच्चों की किताबें सहित गृहस्थी का अन्य जरूरी सामान जल गया। इसके अलावा मवेशियों का चारा भी जलकर राख बन गया। घर में मवेशी चारा रखा होने के कारण आग की लपटें काफी तेजी से फैली। मकान मालिक के मुताबिक आग से करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है. पीड़ित ग्रामीण ने प्रशासन को दूरभाष पर आगजनी की सूचना दी परंतु चुनाव डॅयूटी में व्यस्त होने के कारण कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच पाया। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मकान में आग किन कारणों से लगी इसकी पुष्टि तो नहीं हो पाई परंतु घर में बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने का अनुमान लगाया जा रहा है।


दुकान किराये से देना है
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट होटल कलश के नीचे चार दुकाने किराये से देना है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

आवश्यकता है
होटल कलश में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

# लोकसभा से तय होगा 'माननीयों' का भविष्य

## मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों की सक्रियता की हो रही मॉनिटरिंग





भोपाल। मप्र की 29 लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव केवल प्रत्याशियों ही नहीं बल्कि मप्र सरकार के मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों का भविष्य तय करेंगे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि संगठन स्तर पर सभी की सक्रियता की मॉनिटरिंग हो रही है। जिस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी, उस क्षेत्र से आने वाले मंत्री और विधायक की पौ-बारह हो जाएगी और जहां हार होगी, वहां के नेताओं पर गाज गिर सकती है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जीताने के लिए केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक तक अपनी किस्मत लगाए बैठे हैं। पार्षद से लेकर संगठन के पदाधिकारी और कुछ नए चेहरों के भाग्य का फैसला भी इस चुनाव में होगा। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश की सभी 29 सीटों पर फतह हासिल करने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सूबे के संगठन और सरकार के मंत्रियों को साफ तौर पर संदेश दिया है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम उनके राजनैतिक भविष्य को तय करेंगे। छिंदवाड़ा में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने भी इस बात को दोहराया है। जानकारों की मानें तो पार्टी चुनाव परिणाम के बाद ही सभी 29 सीटों का विश्लेषण करेगी। इसमें विशेष तौर पर यह देखा जाएगा कि नेता, पदाधिकारी, मंत्री या विधायकों की भूमिका कैसी रही। किन क्षेत्रों में पार्टी को कितना वोट मिला, जो पिछले चुनावों से ज्यादा है या कम। इसी तरह कांग्रेस से आए बड़े नेताओं से पार्टी को फायदा हुआ है या नुकसान। सूत्रों की मानें तो अमित शाह ने छिंदवाड़ा प्रवास पर यह साफ कर दिया है कि कहीं भी कमजोर स्थिति होती है, तो इसके जिम्मेदारी वहां पर तैनात किए गए नेताओं और मंत्रियों से सवाल किए जाएंगे।

### कई रणनीति पर एक साथ काम

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा ने मप्र में लोकसभा चुनाव को लेकर टारगेट तय कर दिया था, जिसमें प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत के साथ-साथ हर बूथ पर पिछले चुनाव की तुलना में 370 वोट अधिक लेने की बात कही गई थी। बताया गया है कि इसी आधार पर पार्टी ने चुनावी रणनीति बनाई और कुछ नेताओं की प्रत्याशियों को तय करने में सिफारिश को भी तरजीह दी गई। साथ ही उन्हें साफ कह दिया गया कि अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। भाजपा के जानकारों की मानें तो चुनाव की घोषणा से पहले ही पार्टी ने छिंदवाड़ा को अपने टारगेट पर लिया। वहां बड़े नेताओं ने डेरा डाला, तो संघ के लोग भी राष्ट्रवाद के नाम पर भाजपा के पक्ष में वातावरण बनाते नजर आए। इतना ही नहीं छिंदवाड़ा में सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी अपनी पूरी ताकत लगाई, तो पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह ने भी जीत का मंत्र नेताओं को बताया। जिन क्षेत्रों में भाजपा को विधानसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले थे, वहां से जुड़ी लोकसभा सीटों के लिए पार्टी ने अलग से रणनीति बनाई। इनमें से कुछ सीटों पर नए चेहरे मैदान में उतारे गए, तो वहां की जिम्मेदारी बड़े नेताओं को दी गई। इन नेताओं ने जिम्मेदारी मिलते ही सभी दूसरे काम छोडकर् पूरी तरह से अपने संसदीय क्षेत्र को संभालने वहां डेरा डाल दिया और हर दिन की रिपोर्ट दिल्ली भेजी। बताया गया है कि इसी रिपोर्ट के आधार पर इन कमजोर सीटों के लिए नेताओं की सभाएं, रोड शो व अन्य तरह के प्रवास सुनिश्चित किए गए। पार्टी ने एक रणनीति के तहत पूर्व सीएम कमलनाथ को कमजोर करने के लिए उनके ही विश्वसनीय लोगों को तोड़ा और उन्हें भाजपा में मिलाकर नाथ और उनके समर्थकों को मनोवैज्ञानिक तौर पर कमजोर करने का प्रयास किया। अमरवाड़ा के विधायक रहे कमलेश शाह, छिंदवाड़ा मेयर विक्रम अहाके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना सहित दूसरे बड़े उन नेताओं को भाजपा में शामिल कराया गया, जिनके सहारे कमलनाथ पिछले 44 साल से रणनीति बनाकर चुनाव जीतते आ रहे हैं। इतना ही नहीं यहां के मतदाताओं को संदेश दिया गया कि कांग्रेस सनातन विरोधी है। यहां पर कोशिश की गई है कि चुनाव नाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हो, इस पर भाजपा को कुछ हद तक सफलता भी मिली है।

### पटवारी का पहले चरण की चार सीटें जीतने का दावा

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की पहले चरण के चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस 6 में से चार सीटों पर चुनाव जीतेगी। वहीं, पटवारी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा दौरे को लेकर कहा कि प्रदेश में हर दर्जे की अराजकता देखी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलाथ के घर पर छापे डाले गए। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पटवारी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के लोगों को शामिल करा रही है। उन्होंने कहा कि रेत, परिवहन वाले लोगों को डराया और उनको अपने साथ ले गए। पटवारी ने शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह तानाशाही कर रहे है। उनकी पार्टी के अंदर भी तानाशाही चल रही है। चुनाव जीतने के बाद शिवराज सिंह चौहान को भी हटा दिया। पटवारी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस की नई टीम को लेकर कहा कि जल्द ही नई टीम का गठन होगा। सक्रिय और योग्य कार्यकर्ताओं को टीम में जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नई टीम में अब जमीनी स्तर पर अच्छा काम करना भी एक आधार होगा।

### खजुराहो में मतदाताओं से मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले-

## कोई लोभ लालच, या दबाव बनाए तो हम आपके साथ

भोपाल । मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया जारी है। इस बीच प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव आज खजुराहो पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश की जनता से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस चुनावी माहौल के बीच में कोई लोभ, लालच या किसी भी प्रकार का अनावश्यक दबाव बनाता है तो प्रशासन सजग है, हम आपके साथ हैं।



सीएम मोहन ने आगे कहा कि लोकसभा के पहले चरण के मतदान के दौरान मध्यप्रदेश की 6 लोकसभा सीटों पर आज मतदान है। अभी तक 30 प्रतिशत से ज्यादा का मतदान हो चुका है। यह उत्साह वाली बात है। लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने-अपने ढंग से आहुति दे रहे हैं। मैं इस बात से आनंदित हूं कि एक करोड़ 9 लाख से ज्यादा मतदाता सभी 6 लोकसभा सीट में वोट डाल रहे हैं।

### सभी 29 सीट पर जीत का किया दावा

खजुराहो में सीएम डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीट पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जो चुनाव अभियान शुरू किया गया था, उसमें एक-एक करके चारों तरफ से अनुकूल समाचार मिल रहे हैं। 2014 में 27, 2019 में 28 और 2024 में सभी 29 की 29 लोकसभा सीट जीतेंगे।

### मध्य प्रदेश की जनता शांतिपूर्ण

उन्होंने आगे कहा कि हमारी प्रदेश कि जनता शांतिपूर्ण जनता है और अपने दायित्व का निर्वहन करेगी। पीएम मोदी ने जिस ढंग से देश को आगे बढ़ाया है, भारत की प्रगति में किरदार अदा किया है। जिस तरह से विश्व सर्वमान्य नेता स्थापित होते हैं। हम उम्मीद करेंगे फिर एक बार मोदी सरकार। आपको बता दें आज पीएम मोदी का दमोह दौरा है। और खजुराहो एयरपोर्ट से पीएम के साथ सीएम मोहन हेलीकॉप्टर से दमोह के लिए जाएंगे।

## 30 जून तक ट्यूबवेल खनन पर रोक

भोपाल। भोपाल में 30 जून तक ट्यूबवेल खनन पर रोक लगा दी गई है। अब लोग नए ट्यूबवेल खनन नहीं करा सकेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने यह फैसला लिया है।

मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा-6 (1) के तहत पूरे जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2024 तक प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर सिंह ने बताया, जिले में नलकूप, बोरिंग मशीन संबंधित स्छरू की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी और न ही नलकूप खनन करेगी। सार्वजनिक सडक़ों से गुजरने वाली मशीनों को छूट रहेगी।

कलेक्टर सिंह ने बताया, संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी, अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास करेगी, इन मशीनों को जब्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार होगा।

आदेश के अनुसार, उल्लंघन करने पर दो हजार रुपए के जुर्माने या दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। पीएचई द्वारा कार्य योजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा। इसमें अनुमति की जरूरत नहीं रहेगी। भोपाल जिले में कृषि एवं व्यवसायिक कार्य के लिए भू-जल स्त्रोतों का अति दोहन हो रहा है।

## बागी बिगाड़ेंगे भाजपा और कांग्रेस का गणित

भोपाल। लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के कई बागी नेता भी ताल ठोक रहे हैं। जातिगत समीकरणों से प्रभावित होने वाली चंबल और विंध्य क्षेत्र की 5 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बगावती नेताओं ने दोनों पार्टियों का गणित बिगाड़ दिया है। ये जीतने में भले कामयाब न हों, लेकिन जातिगत वोटों की गोलबंदी कर हार-जीत के मार्जिन को घटा या बढ़ा सकते हैं।

भाजपा ने ग्वालियर ग्रामीण के पूर्व विधायक भारत सिंह कुशवाह को लोकसभा का टिकट दिया है, जिन्हें कांग्रेस के साहब सिंह गुर्जर ने 2023 के चुनाव में हराया था। कुशवाह के खिलाफ गुर्जर समाज गोलबंद हैं। कांग्रेस से ग्वालियर पूर्व सीट से हारे प्रवीण पाठक मैदान में हैं, जिन्हें नारायण सिंह कुशवाह ने चुनाव हराया था। कांग्रेस से दावेदारी में आगे रहे पूर्व सांसद रामसेवक गुर्जर टिकट कटने से खफा चल रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस से जुड़े एक प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह गुर्जर अचानक बसपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सूत्रों के मुताबिक बसपा से गुर्जर को टिकट दिलाने के पीछे भाजपा की रणनीति है, ताकि कांग्रेस को एकमुश्त मिलने वाले गुर्जर वोटों में सेंध लगाई जा सके।

### मुरैना-भिंड में बागी काटेंगे वोट

भाजपा ने नरेंद्र सिंह तोमर के समर्थक दिमनी के पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को उतारा है। कांग्रेस ने सुमावली से भाजपा के पूर्व विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) को टिकट दिया है। दोनों प्रत्याशी क्षत्रिय समाज से आते हैं। कांग्रेस के टिकट की दौड़ में शामिल रहे रमेश गर्ग ने बगावती रुख अपनाते हुए बसपा के टिकट पर ताल ठोक दी है। वे कांग्रेस के शहरी वोटर्स के साथ ही भाजपा के परंपरागत वैश्य वर्ग के मतों में सेंध लगा सकते हैं। भिंड सीट अजा के लिए आरक्षित है। भाजपा ने मौजूदा सांसद संध्या राय और कांग्रेस ने फूलसिंह बरैया को उतारा है। टिकट कटने से खफा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व 2019 में प्रत्याशी रहे देवाशीष जरारिया बसपा के टिकट पर चुनाव में कूद गए हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं के वोट तीन भागों में बंट जाने से चुनाव में सवर्ण वोटर किंग मेकर की भूमिका में हैं। सतना से भाजपा सांसद गणेश सिंह पांचवी बार मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह को उतारा है, जो गणेश सिंह को विधानसभा चुनाव में हरा चुके हैं। ब्राह्मण बहुल सीट पर दोनों पार्टियों ने ओबीसी उतारे हैं। वहीं मैहर से भाजपा के पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी बसपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं।

### सीधी में त्रिकोणीय मुकाबला

पेशाब कांड के कारण चर्चित रहे इस इलाके में भाजपा को बगावत झेलनी पड़ रही है। जातिगत गोलबंदी यहां चुनावों में आम बात है। सर्वाधिक आबादी ब्राह्मण और ओबीसी वर्ग की है। भाजपा ने मौजूदा विधायक रीति पाठक को विधानसभा भेजकर डॉ. राजेश मिश्रा को टिकट दिया है। कांग्रेस ने ओबीसी कुर्मी समाज से आने वाले पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को मैदान में उतारा है। यहां ठाकुर मतदाताओं के अलावा कोल और गोंड आदिवासी भी अच्छी खासी तादाद में हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी छोडक़र गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जो ठाकुर और आदिवासी वर्ग के वोटों में सेंध लगाकर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ही समीकरणों को प्रभावित कर रहे हैं।

## भोपाल में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने जमा किया नामांकन

### - रैली में इंडी गठबंधन के साथी भी हुए शामिल

भोपाल। लोकसभा संसदीय क्षेत्र भोपाल में नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन है। उम्मीदवारों के पास नामांकन जमा करने के लिए दोपहर तीन बजे तक का समय है। नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया। इससे पहले सुबह करीब साढ़े दस बजे वह सोमवारा स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत भवानी चौक से कलेक्ट्रेट तक नामांकन रैली निकाली गई। रैली में उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, लोकसभा प्रभारी महेंद्र जोशी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आरिफ मसूद, विधायक आतिफ अकील सहित कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यहां पर बता दें कि इससे पहले अरुण श्रीवास्तव नवरात्र में एक डमी नामांकन जमा कर चुके हैं। इस चुनाव में उनका मुख्य मुकाबला भोपाल के पूर्व महापौर एवं भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा से है, जिन्होंने कल यानी गुरुवार को अपना नामांकन जमा किया था।


अरुण श्रीवास्तव, कांग्रेस

### रैली में बालासाहब का पोस्टर

कांग्रेस प्रत्याशी की इस नामांकन रैली में इंडी गठबंधन के साथी दल शिवसेना (उद्धव) और आप के कार्यकर्ता भी नजर आए। रैली में शिवसेना के संस्थापक बालासाहब ठाकरे का पोस्टर आकर्षण का केंद्र रहा।

## पीठासीन अधिकारी निलंबित

भोपाल। जबलपुर में जारी लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बीच चुनावी ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारी को मतदान केंद्र के अंदर के फोटो शेयर करना भारी पड़ गया। जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, मतदान केन्द्र क्रमांक 173 पर तैनात पीठासीन अधिकारी रतन कुमार ने मतदान केन्द्र के अंदर के फोटो खिंचवाकर अपने मोबाइल नम्बर से किसी वाट्सएप ग्रुप में पोस्ट किए थे। मामले में अधिकारियों को शिकायत मिलने पर जांच करवाई गई। जिसके बाद सेक्टर अधिकारी हेमंत अमहिया द्वारा मोबाइल फोन जब्त कर जांच की जो शिकायत सही पाई गई। बता दें कि मतदान केंद्र में मोबाइल फोन का उपयोग वर्जित है। नियम का उल्लंघन करने पर पीठासीन अधिकारी को निलंबित कर मतदान अधिकारी क्रमांक -1 को पीठासीन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

## अब कंप्यूटर स्क्रीन पर मिलेगी फाल्ट की जानकारी

### बीसीयू डिवाइस करेगी मदद, वीआइपी फीडरों पर होगा इंस्टाल

भोपाल। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 33/11 केवी वितरण उपकेंद्रों में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करने जा रही है। इस तकनीक का पहला प्रयोग पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कर चुकी है। अब इस तकनीक का प्रयोग भोपाल के साथ ग्वालियर में 33/11 केवी सब स्टेशन के 11 केवी फीडर में किए जाने की तैयारी है। सबसे पहले इस तकनीक का प्रयोग वीआइपी फीडर पर होगा। भोपाल में बीसीयू डिवाइस आ गई है। जिसे कनेक्ट नहीं किया गया है। बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद इसे कनेक्ट कर दिया जाएगा, लेकिन ग्वालियर में डिवाइस उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी समय लगेगा। बीसीयू (बे कंट्रोल यूनिट) डिवाइस की मदद से कंप्यूटर सिस्टम में फीडर के ट्रिप होने की रीयल टाइम जानकारी मिलेगी। इस डिवाइस के लगने से कंट्रोल रूम में नियंत्रण पैनल की जरूरत खत्म हो जाएगी। इस डिवाइस से फाल्ट की तीव्रता, सब स्टेशन से फाल्ट की दूरी, फाल्ट करंट, फाल्ट होने से पहले फीडर पर लोड आदि महत्वपूर्ण जानकारी तत्काल मिल सकेगी। साथ ही फाल्ट ढूंढने और उसमें सुधार करने में बेहद कम समय लगेगा। 17 लाख रुपये कीमत से अत्याधुनिक तकनीकी से तैयार किए जाने वाला बे कंट्रोल यूनिट मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्काडा सेंटर और कंट्रोल रूम से जुड़ा होगा। इसके इंस्टाल होने के बाद किसी भी फाल्ट की रीयल टाइम जानकारी कंट्रोल और अफसरों तक पहुंच जाएगी। जिससे फाल्ट को जहां आसानी से तलाशा जा सकेगा, वहीं फाल्ट वाली जगह पर जल्द सुधार कार्य कर आपूर्ति शुरू की जा सकेगी।

मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी की आइटी सेल से एक एप भी तैयार किया है। यह एप सभी अफसरों के मोबाइल पर इंस्टाल किया जाएगा।

## किसानों को 4.80 लाख क्विंटल गेहूं का भुगतान नहीं

### नागरिक आपूर्ति निगम ने कहा घटिया क्वालिटी का गेहूं? : किसानों का 115 करोड़ का भुगतान रुका



भोपाल। नागरिक आपूर्ति निगम ने किसानों से खरीदा हुआ,4.80 लाख क्विंटल गेहूं घटिया मानते हुए भुगतान करने से इनकार कर दिया है। निगम का दावा है, कि गेहूं गुणवत्ता के अनुसार नहीं है। यदि इसको ले लिया गया, तो फुड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इस गेहूं को नहीं लेगा। यह कहते हुए आपूर्ति निगम ने भुगतान को रोक दिया है।

### किसानों ने सही गेहूं बेचा

जिन किसानों का गेहूं घटिया बताया गया है। उन किसानों का कहना है, हमने सही गेहूं सहकारी समितियां को दिया था। 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी चल रही है। यदि गेहूं घटिया होता, तो समितियां गेहूं को खरीदी ही नहीं करती। अब गेहूं को घटिया बढ़कर भुगतान रोका जा रहा है। जिसके कारण किसानों में गुस्सा है।

### समितियों की गड़बड़ी, ठीकरा किसानों के सिर

किसानों ने जब गेहूं बेचा था,उस समय गेहूं निर्धारित मानदंड के अनुसार सही था। तभी समितियों ने गेहूं किसानों से खरीदा था। हाल ही में कई बार बारिश होने से समितियां ने जो गेहूं खरीद लिया था। उसका सुरक्षित भंडारण नहीं किया गया। खुले में गेहूं पड़ा हुआ था। समितियों के पास रखा गेहूं बारिश के कारण खराब हुआ है। खरीदी केंद्रों और आपूर्ति निगम द्वारा अपनी लापरवाही का ठीकरा किसानों के सिर पर फोड़ा जा रहा है। जिसके कारण किसानों में गुस्सा देखने को मिल रहा है।


### प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन

शाजापुर,देवास, इंदौर,विदिशा, भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम और सागर जिले के किसानों को गेहूं खरीदने के बाद,अब घटिया बताकर भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों मे भारी गुस्सा है।

## छिंदवाड़ा महापौर का यू-टर्न

### कांग्रेस छोडक़र भाजपा में हुए थे शामिल, 18 दिन बाद फिर कमलनाथ के साथ आए विक्रम अहाके

भोपाल । मध्य प्रदेश के बहुचर्चित छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक उठा पटक का माहौल लोकसभा चुनाव की वोटिंग के दिन तक जारी रहा। अब छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके ने एक फिर से चौंका दिया है। यू टर्न लेते हुए विक्रम वापस कांग्रेस में लौट आए हैं। एक वीडियो जारी कर अहाके ने कमलनाथ और नकुलनाथ की तारीफ में तमाम बातें कहीं और कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट डालने की अपील की।



विक्रम अहाके के वीडियो को शेयर करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस ने लिखा, कि छिन्दवाड़ा में बीजेपी को लगा करारा झटका, कांग्रेस छोडक़र बीजेपी में शामिल हुये महापौर विक्रम अहके फिर नकुल नाथ और कमलनाथ जी के साथ आये। महापौर विक्रम अहके ने वीडियो जारी कर छिन्दवाड़ा की जनता से नकुल कमलनाथ जी को वोट देने की अपील भी की। जय कांग्रेस, जय छिन्दवाड़ा। बता दें कि 1 अप्रैल को छिंदवाड़ा नगर निगम महापौर विक्रम अहाके ने राजधानी भोपाल पहुंचकर बीजेपी का दामन थाम लिया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कमलनाथ के करीबी विक्रम को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। पता हो कि मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से बीजेपी के पास 28 सीटें हैं जबकि इकलौती छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ का कब्जा बरकरार है। कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ फिर से कांग्रेस के टिकट पर सांसद पद के उम्मीदवार हैं। जबकि बीजेपी ने विवेक बंटी साहू को उतारा है। बीजेपी ने मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट को कमलनाथ से छीनने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया है। चुनावी सरगर्मी के माहौल के बीच खास रणनीति के तहत छिंदवाड़ा के असंतुष्ट और प्रभावशाली नेताओं सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को बीजेपी में लाया गया ताकि छिंदवाड़ा की जमीन कमजोर पड़ जाए। हालांकि, 4 जून को घोषित होने वाले नतीजों में पता चलेगा कि किसका पलड़ा छिंदवाड़ा में भारी रहेगा।

## सीबीआई की जद में कई आला अफसर!

### मेघा इंजीनियरिंग के खिलाफ एफआईआर से मप्र में मचा हडक़ंप

भोपाल। देश की दूसरी सबसे बड़ी इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदार कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के आरोप में सीबीआई ने एक प्रकरण दर्ज किया है। वहीं इस घटना से मप्र में के कई विभागों में हडक़ंप मच गया है। सूत्रों का कहना है की मप्र के कई आला अफसर सीबीआई के जद में आ गए हैं। दरअसल मप्र के पूर्व मुख्य सचिव गोपाल रेड्डी नर्मदा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष थे तब से लेकर काफी समय तक मुख्य सचिव इकबाल सिंह बेस की मेहरबानी से मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में जल संसाधन विभाग में व्यावहारिक रूप से एंट्री ली थी। इस कंपनी में 966 करोड़ रुपए के चुनावी चंदा भी इलेक्ट्रोल बॉन्ड के माध्यम से अलग-अलग पार्टियों को दिया है।

जानकारी के अनुसार सीबीआई द्वारा उपरोक्त कंपनी पर प्रकरण दर्ज करने बाद मप्र के जल संसाधन एवं नर्मदा विकास प्राधिकरण दोनों विभागों में जांच बढ़ेगी। साथ ही सीबीआई मप्र के कुछ पूर्व और वर्तमान अधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है। इस घटना के बाद मप्र के पूर्व आला अफसरों के बीच हडक़ंप मचा हुआ है। दरअसल, प्रदेश के कई आला अफसरों व नेताओं की कंपनी पर विशेष मेहरबानी है। कंपनी के पास वर्तमान में नर्मदा घाटी विकास विभाग के तीन हजार करोड़ से अधिक के कार्य हैं। सीबीआई की कार्रवाई के बाद जल संसाधन व नर्मदा घाटी विकास विभाग में हडक़ंप की स्थिति है। एक सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता तो कंपनी के लिए पेड वर्कर की तरह कार्य करते थे। अधिकारियों को डर इस बात का है मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ की गई शिकायतों की यदि सीबीआई ने जांच शुरू कर दी तो अफसरों की मुश्किलें बढऩा तय है।

### कंपनी पर दो प्रकरण दर्ज

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने गत दिनों हैदराबाद में मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ कथित तौर से रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में इंट्रीग्रेटेड स्टील ब्रांड से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए कथित तौर पर 74 लाख रुपए की रिश्वत दी थी। इस मामले में सीबीआई ने इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली कंपनी एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट के आठ तथा मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीबीआई ने यह कार्रवाई एनएसपी के लिए 315 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर की है। दो सप्ताह के भीतर मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड के खिलाफ दो प्रकरण दर्ज होने से सभी हतप्रभ हैं कि आखिरकार यह सब क्यों हो रहा है।

### रूक सकते हैं मप्र में चल रहे काम

लंबे समय से कंपनी के खिलाफ कई शिकायते केंद्र तथा राज्य सरकारों के पास लंबित थीं। सीबीआई की कार्रवाई के बाद अन्य जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो सकती हैं। मध्यप्रदेश की जांच एजेंसियों के पास भी शिकायतें लंबित हैं, लेकिन कंपनी पर नेताओं व अफसरों की विशेष मेहरबानी के कारण अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जल संसाधन तथा नर्मदाघाटी विकास विभाग के अधिकारियों में डर इस बात का है कि यदि लंबित शिकायतो की जांच होगी तो कुछ अफसरों पर कार्रवाई तय है। वहीं कंपनी के खिलाफ कुछ शिकायतें सीबीआई तक भी पहुंची है। देखना है कि सीबीआई उन शिकायतों पर कोई कार्रवाई करती है या नहीं। आगे कार्रवाई क्या होगी, इस बारे में तो कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद कंपनी के मध्यप्रदेश में चल रहे कार्यों की गति रूक सकती है।

# आज आमने-सामने होंगी दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल के 35वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। पिछले मैच में गुजरात टाइंटस पर जीत से उत्साहित दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैच में ये मैच जीतकर अपनी लय बरकरार रखना चाहेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली ने खराब शुरुआत के बाद लगातार दो जीत से अंकतालिका में अपनी स्थित बेहतर की है। पिछले मैच में उसकी गेंदबाजी में भी काफी सुधार आया है। इसके अलावा टीम के कप्तान ऋषभ पंत लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। पिछले मैच में ऋषभ ने शानदार विकेटकीपिंग के साथ ही कप्तानी कौशल भी दिखाया था। इस मैच में दिल्ली के गेंदबाज किस प्रकार सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाते हैं। ये देखना होगा। सनराइजर्स ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो बार आईपीएल इतिहास का सबसे अधिक स्कोर बनाया है। हैदराबाद की टीम ने अपने 6 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वो इस वक्त अंक तालिका में चौथे नंबर पर हैं। वहीं दिल्ली की टीम ने लगातार दो जीत हासिल की हैं और वो







अंक तालिका में छठे स्थान पर हैं। दोनों टीमें अब तक 23 बार आमने-सामने आई हैं, जिसमें से दिल्ली ने 12 और हैदराबाद ने 11 मैच जीते हैं। दोनों ही टीमें अभी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक होना तय है।

पिछले दो मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ और गुजरात को हराया है। ऐसे में कैपिटल्स अपनी टीम में शायद ही कोई बदलाव करे। इस मैच में डेविड वॉर्नर फिट हुए तो उतर सकते हैं पर इसके अलावा अंतिम 11 में कोई और बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी के कारण गेंदबाजों के लिए खौफ बनी हुई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने अपने लगातार 3 पिछले मैच जीते हैं। पिछले मुकाबले में तो उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 287 रन बनाकर जीत हासिल की थे। इसको देखते हुए कैपिटल्स के गेंदबजों को बेहद कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। दिल्ली के गेंदबाज भी इस अच्छी लय में हैं, ऐसे में हैदराबाद की राह भी आसान नहीं रहेगी। दिल्ली ने गुजरात को पिछले मैच में 89 रन पर ही समेट दिया था। हैदराबाद ने भी पिछला मैच जीता था। इसलिए उसकी टीम में भी बदलाव की उम्मीद नहीं है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक रहेगा। इसमें टॉस की भी अहम होगी और जीतने वाली टीम लाभ में रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

दिल्ली कैपिटल्स - ऋषभ पंत (कप्तान), पृथ्वी शॉ, डेविड वॉर्नर/सुमित कुमार, जैक फ्रेसर मैक्गर्क, शे होप, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, ईशांत शर्मा और खलील अहमद।

सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस (कप्तान) , अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतीश कुमार रेड्डी, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट और टी नटराजन।

# मुंबई इंडियंस अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंची

## पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे बूमराह, चहल दूसरे नंबर पर फिसले

मुम्बई। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली 9 रनों की जीत के साथ ही अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई जबकि पंजाब की टीम 9वें स्थान पर खिसक गयी है। सबसे अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप की रैस में विराट कोहली अभी भी नंबर एक पर हैं जबकि दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में अंतर आया है। इसमें जसप्रीत बुमराह ने युजवेंद्र चहल को पीछे कर नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। बुमराह ने पंजाब के खिलाफ गत दिवस खेले गए मैच में 3 विकेट लेने के साथ ही कुल 13 विकेट लिए जबकि दूसरे और तीसरे नम्बर पर चहल और जेराल्ड कोएत्जी हैं जिनके नाम 12-12 विकेट हैं।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम अब भी सात मैचों में 12 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर बनी हुई है। दूसरे नंबर पर 8 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स जबकि तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है। चेन्नई के भी 8 अंक है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के भी 8 अंक हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स 6 अंक के साथ ही पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स 6 अंक के साथ ही छठे और मुंबई इंडियंस 6 अंक के साथ सातवें स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस 6 आठवें, पंजाब किंग्स 9 वें और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु 10 वें और अंतिम स्थान पर है।

# जितेश शर्मा और रिंकू के लिए खतरा बन सकते हैं आशुतोष

मोहाली। पंजाब किंग्स के ऑलराउंड आशुतोष शर्मा ने इस आईपीएल सत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन करते सभी को प्रभावित किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में एक समय पंजाब किंग्स 14 रन पर 3 विकेट खो दिये थे और उसपर करारी हार का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे समय में आशुतोष ने शानदार अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुंचा दिया। वह हालांकि पंजाब को जीत नहीं दिला पाये पर जिस प्रकार से इस युवा ने खेला है उससे वह भारतीय टीम में जगह के दावेदार के तौर पर उभर रहे हैं।

आशुतोष ने मुम्बई के खिलाफ 200 के ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंद में 61 रन ठोक डाले। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 7 छक्के लगाए। आशुतोष ने फिनिशर के तौर पर अपनी उपयोगिता साबित



की है। अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो जितेश शर्मा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों के लिए खतरा बन सकते हैं क्योंकि इस सत्र में इन दोनो का प्रदर्शन साधारण रहा है।

### जितेश शर्मा

पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने पिछले साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसी कारण उन्हें भारतीय टीम में भी जगह मिली है पर वह कुछ खास नहीं कर पाये। ऐसे में उनकी जगह खतरे में पड़ती दिख रही है।

### रिंकू सिंह

वहीं आईपीएल 2023 लगातार पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह भारतीय टीम के लिए तो अब तक अच्छा किया है पर आईपीएल 2024 में उनका बल्ला अब तक नहीं चला है। वह 6 मैचों में सिर्फ 83 रन बनाए हैं। अगर आईपीएल के बाद भी उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं होता तो उन्हें भी अपनी जगह खोनी पड़ सकती है।

# पाक के खिलाफ तटस्थ स्थल पर टेस्ट सीरीज खेलने तैयार हैं रोहित

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ तटस्थ स्थल पर टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार हैं। रोहित का कहना है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम की धारदार गेंदबाज को देखते हए दोनो के बीच सीरीज रोमांचक होती है। दोनो देशों के बीच तनाव के कारण ही पिछले डेढ़ दशक से दोनो टीमों ने द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला है। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार साल 2008 में द्विपक्षीय सीरीज हुई थी। उसी के बाद से ही दोनो ही टीमों ने द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला है। दोनो ही टीमों ने इस दौरानर केवल आईसीसी मुकाबलों में खेला है। रोहित ने कहा, 'मेरा पूरा तरह से मानना है कि अगर हम विदेशों में खेलते हैं तो तटस्थ स्थल पर टेस्ट सीरीज भी खेली जा सकती है। पाक टीम की गेंदबाजी अच्छी है जिससे मुकाबला रोमांचक रहेगा। ' यह पूछने पर




कि क्या इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया जैसे तटस्थ स्थल पर भारत-पाक टेस्ट संभव है, इसपर रोहित ने कहा' हां, मुझे पाक के खिलाफ खेलना मजदार लगेगा। यह दोनों टीम के बीच एक शानदार मुकाबला होगा। हम आईसीसी ट्रॉफियों में उनके खिलाफ खेलते हैं! इस मामले को लेकर बीसीसीआई ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट पर कोई भी फैसला सरकार की अनुमति पर ही आधारित रहेगा। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारतीय टीम के साथ सीरीज के लिए लगातार दबाव बनाता रहा है, यहां तक कि वह आईसीसी से भी इस मामले में हक्स्तक्षेप की मांग करता रहा है।

# श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम ने तीन सौ से अधिक का लक्ष्य हासिल कर बनाया रिकार्ड

जोहांसबर्ग। कप्तान चमारी अट्टापटू के नाबाद 195 रनों की सहायता से श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम को 6 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल कर नया विश्व रिकार्ड बनाया। श्रीलंकाई टीम ने ये मुकाबला तय ओवरों से पहले ही हासिल कर लिया। ये पहली बार है जबकि एकदिवसीय क्रिकेट में किसी महिला टीम ने 300 या इससे ज्यादा रन बनाये हैं। अट्टापटू ने इसी के साथ ही एकदिवसीय में रनों का पीछा करते हुए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। वहीं इससे पहले पुरुष क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य



का पीछा करते हुए नाबाद 201 रन बनाये थे। महिला एकदिवसीय क्रिकेट में यह लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर है। इसी के साथ ही श्रीलंकाई टीम ने 11 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने साल 2012 में 289 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। अट्टापटू इस इस पारी के दौरान अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़ा। वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन की पारी खेलने वाले बल्लेबाजों में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी हैं। उन्होंने 139 गेंदों पर नाबाद 195 रन बनाए। अट्टापटू ने अपनी मैराथन पारी में 26 चौके और 5 छक्के लगाए।

अट्टापटू का इससे पहले सबसे अधिक स्कोर नाबाद 178 रन था जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 जून 2017 को ब्रिस्टल में बनाया था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लॉरा वाल्वार्ट के नाबाद 184 रन की मदद से 5 विकेट पर 301 रन बनाए थे।

# बुमराह पर स्वीप शॉट खेलकर बेहद खुश हैं आशुतोष

मोहाली। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना उनका सपना था जो मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल सत्र में पूरा हुआ है। इस मैच मे आशुतोष ने 28 गेंद में 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। पंजाब किंग्स 9 रन से मुकाबला हार गई पर आशुतोष की बल्लेबाजी की सभी ने प्रशंसा की। आशुतोष ने मैच के बाद कहा कि वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शामिल बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना चाहते थे और इसमें सफल भी रहे।



आशुतोष शर्मा इस आईपीएल 2024 में 190 से ज्यादा स्ट्राइक रेट से 150 से रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। मुंबई-पंजाब मैच के बाद उन्होंने कहा, 'बुमराह को स्वीप शॉट लगाना मेरा सपना था मैं उस शॉट का काफी समय से अभ्यास कर रहा था और इसी के बाद मैंन सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के सामने वह शॉट खेला।' उन्होंने कहा,'मुझे भरोसा था कि मैं टीम को मैच जिता सकूंगा पर सफल नहीं रहा। ' उन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन कर श्रेय पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख और भारत के पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ को दिया। आशुतोष ने कहा, 'संजय सर ने मुझे कहा कि मैं स्लॉगर नहीं हूं और विशुद्ध क्रिकेटिंग शॉट खेल सकता हूं। यह छोटा या बयान था लेकिन मेरे लिए बहुत महत्व रखता था। मैं इस पर अमल कर रहा हूं। मैं हार्ड हिटर नहीं हूं और क्रिकेट के शॉट खेलता हूं। मैने अपने खेल में यही बदलाव किया।' पंजाब किंग्स की हार के बावजूद उन्होंने कहा,'जीत और हार खेल का हिस्सा है. मायने यह रखता है कि एक टीम के रूप में आप कैसा खेल रहे हैं। अगर हम अच्छा खेलेंगे तो अंत में जीतेंगे।' इस बल्लेबाज के प्रदर्शन की सभी ने सराहना करते हुए उसे भारतीय टीम के लिए दावेदार बताया है।

# दुबई की बाढ़ में फंसे पुनिया और सुजीत एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग नहीं ले पाये

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और उनके साथी पहलवान सुजीत कलकल दुबई की बाढ़ में फंसने के कारण एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग नहीं ले पाये। इससे पुनिया और सुजीत के पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट हासिल करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ में दुबई एयरपोर्ट पर फंसने के कारण पुनिया और सुजीत देर से बिश्केक पहुंचे इस कारण उन्हें शुक्रवार को एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे ये दोनों पहलवान शुक्रवार सुबह 8 बजे के बाद मेजबान शहर बिश्केक पहुंचे पर तब तक वजन मापने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी, इसमें पहलवानों का वजन दर्ज किया जाता है।

ऐसे में जब भारतीय पहलवान देरी से पहुंचे तो आयोजकों ने उन्हें भाग लेने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि दुबई में बाढ़ की वजह से ऐसा हुआ पर आयोजकों ने नियमों का हवाला देकर राहत देने से इंकार कर






दिया। पुनिया और सुजीत के पास अब अगले महीने होने वाले विश्व क्वॉलिफायर में ओलंपिक टिकट हासिल करने का अंतिम अवसर होगा। भारत का क्वॉलिफिकेशन अभियान शुक्रवार से शुरु हुआ। इसमें पुरुष फ्रीस्टाइल मुकाबले बाद में खेले जाएंगे। पूनिया की अनुपस्थिति में 57 किग्रा वर्ग के युवा स्टार अमन सेहरावत ने पुरुष टीम की अगुआई की।

वहीं महिला वर्ग में विनेश फोगट सहित अन्य भारतीय पहलवान सीधे दिल्ली से बिश्केक पहुंचे जबकि पुनिया और कलकल अकेले ही यात्रा कर रहे थे। दोनों 2 से 15 अप्रैल तक रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। 16 अप्रैल को उन्होंने दुबई के रास्ते मकाचकाला से बिश्केक के लिए उड़ान भरी पर दुबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश के कारण ये दोनो फंस गये।

# पेरिस ओलंपिक के लिए कोट हासिल करने का प्रयास करेंगे विनेश सहित भारतीय पहलवान

नई दिल्ली। विनेश फोगाट सहित कई शीर्ष भारतीय पहलवान आज से यहां शुरु हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में जीत के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं भारतीय पहलवान दीपक पूनिया 86 किग्रा और सुजीत कलकल 74 किग्रा दुबई एयरपोर्ट पर फंस गये हैं इससे भी भारत की संभावनाओं को झटका लगा है। वहीं अन्य 15 पहलवान बिश्केक पहुंच गये हैं। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थानों के लिए पहलवान उतरेंगे।

महिला वर्ग में विनेश 50 किग्रा, रीतिका हुड्डा 76 किग्रा, अंशु 57 किग्रा, मानसी 62 किग्रा और निशा 68 किग्रा पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी है। इन क्वालीफायर मुकाबलों में विनेश पर सबकी नजरें रहेंगी। इस खिलाड़ी ने 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था। उसने पटियाला में हुए इस चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में भी प्रतिस्पर्धा की थी हालांकि उसे हार का सामना करना पड़ा था। ,

वहीं पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत 57 किग्रा के अलावा दीपक पूनिया और सुजीत भी पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचेज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों के लिए अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।

# राहुल ने रोहित को एक बेहतरीन कप्तान बताया

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा है कि वह एक शानदार कप्तान हैं। मुम्बई इंडियंस ने इस सत्र से पहले रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। राहुल ने कहा कि कप्तान के तौर पर रोहित चाहते हैं कि हर खिलाड़ी अपनी भूमिका को समझे और उत्साह से काम करे।



राहुल ने रोहित की कप्तानी की सराहना करते हुए कहा कि एक दशक के बाद बाद उनकी कप्तानी में भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियनशिप जीतने की उम्मीदें हैं। वहीं हाल ही में रोहित कहा था कि उन्होंने लंबे समय तक आईपीएल में कप्तानी की है और इसलिए वह जानते हैं कि प्रतियोगिता कैसे जीती जाती है। राहुल ने कहा कि रोहित भारत के ड्रेसिंग रूम में शांति लाते हैं और इससे खिलाड़ियों को काफी सहायता मिलती है। कप्तान सबका ध्यान भी रखते हैं और यह भी देखते हैं कि सभी खिलाड़ियों को बैठने का और अपने विचारों को बताने का समय भी मिले। वह टीम में हर किसी को महत्व देते हैं।

# ओलंपिक की तैयारी के लिए अब हर दिन अहम - हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अब काफी कम समय बचा है। ऐसे में अब अभ्यास के लिए हर दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण अब हमें प्रशिक्षण सत्र के समय का अच्छी प्रकार से इस्तेमाल करना होगा। भारतीय टीम के पास अभी कांस्य पदक है और उसका लक्ष्य इस बार उसके रंग में बदलाव करना रहेगा। हरमनप्रीत ले कहा कि टीम अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटी है जहां उसे उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। भारतीय टीम को इस दौरे में 0-5 से हार का सामना करना पड़ा है। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। ऐसे में एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरु हो गयी है। इसी कारण अब टीम जोश से भरी हुई है।

# जहीर ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर सवाल उठाये

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पर सवाल उठाये हैं। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियत पिछले सत्र से लागू किया गया था। इसमें सभी आईपीएल टीम को मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति होती है। वहीं जहीर ने कहा कि यह नियम एक ऑलराउंडर की भूमिका को कम करता है। साथ ही कहा कि शिवम दुबे को उनकी टीम सीएसके ने केवल पावर हिटर के



रूप में इस्तेमाल किया है जबकि वह मध्यम गति के गेंदबाज भी हैं और टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं पर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। जहीर ने कहा, 'मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि इसपर बात होनी चाहिये, इसको लेकर थोड़ी चिंताएं भी हैं। इसलिए हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम से आपको भविष्य में कामचलाऊ ऑलराउंडर ही मिलेंगे।'जहीर का मानना है कि मोहम्मद सिराज को टी-20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ आना चाहिए। इसके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में शामिली किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'टीम का चयन अब भी दो सप्ताह दूर है पर अर्शदीप एक गंभीर दावेदार है और चयनकर्ताओं की नजरें उस पर बनी हुई हैं। इसके अलाव खलील अहमद, मोहसिन खान और यश दयाल पर भी नजरें रहेंगी।'

# आईपीएल से स्टार बने ये उभरते क्रिकेटर

नई दिल्ली। मयंक, रियान पराग सहित कई ऐसे खिलाड़ियों ने भी इस बार आईपीएल में धूम मचाई जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय टीम की ओर से नहीं खेला है। ऐसे में जिन खिलाड़ियों को कुछ दिन पहले तक लोग जानते नहीं थे वे आज स्टर बन गये हैं। यहां तक कि इन खिलाड़ियों को टी20 विश्वकप के लिए शामिल करने तक की मांग होने लगी है।



राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए 22 साल के रियान ने आईपीएल सत्र में विराट कोहली के बाद सबसे ज्यादा रन बनाये है। उन्होंने 7 मैच में 63.60 की औसत से 318 रन बनाए हैं। रियान ने 161.42 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। वहीं घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से खेलने वाले रियान पराग आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं। 21 साल के मयंक यादव ने लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेलते हुए आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंकी। मयंक ने इसमें 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी है। वह आईपीएल के अपने पहले दो मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड में जीतने वाले पहले क्रिकेटर हैं। इसके अलावा 23 साल के अभिषेक शर्मा ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पारी की शुरुआत करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। आशुतोष ने 197.19 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। ये रन रोहित शर्मा, ईशान किशन, शुभमन गिल से कहीं ज्यादा है। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अब तक 6 मैच में 221 रन बनाये हैं.

पंजाब किंग्स की ओर से शशांक सिंह ने भी जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 29 गेंद पर 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। पंजाब के ही आशुतोष ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आशुतोष और शशांक की जोड़ी पंजाब को दो ऐसे मैचों में जीत दिलायी है जिसमें टीम हार के करीब थी। आशुतोष ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 20 गेंद पर 31 रन की पारी खेली थी।

एक अन्य क्रिकेटर वैभव अरोड़ा ने कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से 4 मैच में 7 विकेट लिए हैं।

इसके अलावा केकेआर के ही हर्षित राणा ने भी सात विकेट लेकर अपने को साबित किया है। कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल 2024 में 4 मैच जीते हैं और पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर है. केकेआर के इस बेहतरीन प्रदर्शन में 22 साल के हर्षित राणा का खेल भी छिपा है. हर्षित ने आईपीएल 2024 में अब तक 5 मैच(क्ष) खेले हैं. उन्हें इनमें से 4 मैच में ही गेंदबाजी का मौका मिला, जिनमें उन्होंने 7 विकेट झटके हैं।

# पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे विनेश सहित भारतीय पहलवान

नई दिल्ली। विनेश फोगाट सहित कई शीर्ष भारतीय पहलवान आज से यहां शुरु हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में जीत के साथ ही पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं भारतीय पहलवान दीपक पूनिया 86 किग्रा और सुजीत कलकल 74 किग्रा दुबई एयरपोर्ट पर फंस गये हैं इससे भी भारत की संभावनाओं को झटका लगा है। वहीं अन्य 15 पहलवान बिश्केक पहुंच गये हैं। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थानों के लिए पहलवान उतरेंगे।



महिला वर्ग में विनेश 50 किग्रा, रीतिका हुड्डा 76 किग्रा, अंशु 57 किग्रा, मानसी 62 किग्रा और निशा 68 किग्रा पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी है। इन क्वालीफायर मुकाबलों में विनेश पर सबकी नजरें रहेंगी। इस खिलाड़ी ने 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था। उसने पटियाला में हुए इस चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में भी प्रतिस्पर्धा की थी हालांकि उसे हार का सामना करना पड़ा था। ,

वहीं पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत 57 किग्रा के अलावा दीपक पूनिया और सुजीत भी पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचेज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों के लिए अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।

# अबकी बार अपने ही क्षेत्र में सिमटे राजा-महाराज

## - एक-दूसरे के चुनावी क्षेत्र में जाने से किया परहेज

भोपाल । मप्र की 29 लोकसभा सीटों में से 2 सीटें यानी राजगढ़ और गुना पर पूरे देश की नजर है। क्योंकि राघौगढ़ से कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और गुना से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की साख दांव पर है। गौरतलब है की एक पार्टी में रहने के दौरान भी दोनों नेताओं में कभी नहीं पटी है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अपने अलग-अलग पार्टियों में होने के बाद भी दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के क्षेत्र में जाने की कोशिश नहीं की। यानी दोनों नेता अपनी 'हद' (संसदीय सीमा-रेखा) में हैं।


गौरतलब है कि मप्र में लोकसभा चुनाव में इस बार सिर्फ दो राजघरानों के सदस्य ही मैदान में है। इनमें राजगढ़ सीट से राघौगढ़ के राजा दिग्विजय सिंह और गुना सीट से ग्वालियर के महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में दोनों कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और दोनों हारे। इस बार सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। खास बात यह है कि चुनावी क्षेत्र सटा होने के बावजूद न तो दिग्विजय प्रचार के लिए गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में पहुंचे और न ही सिंधिया राजगढ़ में पार्टी के पक्ष में सभा करने आए। दोनों ने अभी तक अपनी-अपनी सीमा-रेखा नहीं लांघी है।

### विधानसभा में दिखी थी आक्रामकता

5 महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान सिंधिया ने राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हिरेन्द्र सिंह बंटी के समर्थन में ताबड़तोड़ प्रचार किया था। सिंधिया ने सीधे तौर पर दिग्विजय पर सियासी हमला बोला था। हालांकि दिग्विजय के बेटे जयवर्धन सिंह 4500 वोटों की मामूली अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे। बेशक अभी तक सिंधिया और दिग्विजय ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार नहीं किया है, लेकिन दोनों का एक-दूसरे के क्षेत्र में प्रभाव है। दिग्विजय सिंह के गुना, अशोकनगर, शिवपुरी में बड़ी संख्या में समर्थक हैं। चूंकि सिंधिया कांग्रेस से ही भाजपा में आए थे। स्थानीय कांग्रेस में उनका अभी भी प्रभाव है।

### टिकट के बाद क्षेत्र में सिमटे

चुनावी शंखनाद होने से पहले दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के संसदीय क्षेत्र में जाकर सभाएं और बैठकें की। लेकिन जब से टिकट का बंटवारा हुआ है दिग्विजय सिंह गुना और सिंधिया राजगढ़ में चुनाव प्रचार के लिए नहीं गए हैं। मप्र की राजनीति में यूं तो राजा महाराजा के बीच अदावत के किस्से पुराने हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में न तो राजा मुखर दिखे और न ही महाराजा ने आक्रामकता दिखाई। शुरुआत में जरूर दोनों नेताओं ने बयानों के माध्यम से एक-दूसरे पर निशाना साधा। अभी तक दोनों नेताओं ने एक-दूसरे



के खिलाफ चुनाव प्रचार से भी परहेज किया है। क्योंकि गुना जिले की 4 विधानसभा सीटों में से दो-दो सीट गुना और राजगढ़ लोकसभा में आती हैं। सिंधिया और दिग्विजय अपने क्षेत्र तक ही प्रचार के लिए पहुंचे। न तो सिंधिया चाचौड़ा और राघौगढ़ में गए और न ही दिग्विजय बमौरी और गुना में प्रचार के लिए गए। दो दिन पहले राजगढ़ में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर की नामांकन रैली में मप्र भाजपा के सभी बड़े नेता मौजूद थे, लेकिन सिंधिया नहीं पहुंचे। वहीं दूसरी ओर 19 अप्रैल को गुना से कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन रैली में मप्र कांग्रेस के सभी नेता मौजूद रहेंगे, लेकिन दिग्विजय नहीं पहुंचेंगे। राजा-महाराजा का एक- दूसरे के चुनाव क्षेत्र में नहीं पहुंचना राजनीति में चर्चा का विषय है। दोनों चुनाव क्षेत्र में 7 मई को मतदान होना है, इससे पहले यह भी संभावना है कि सीमा-रेखा लांघी जाए।

### दोनों की साख दांव पर

गौरतलब है कि 2019 में दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव हार गए थे। ऐसे में इस बार के चुनाव में दोनों की साख दांव पर है। इसलिए वे अपनी स्थिति मजबूत करने में लगे हुए है। राजगढ़ लोकसभा सीट पर मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह 33 साल बाद मैदान में उतरे हैं। उनके चुनाव लडऩे से चुनाव दिलचस्प हो गया है, वहीं भाजपा के लिए ये सीट चुनौती बनती जा रही है। राजगढ़, दिग्विजय का गढ़ है। भाजपा ने रोडमल नागर को फिर से टिकट दिया है, लेकिन उनके खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी का माहौल देखते हुए बीजेपी ने अपनी रणनीति बदल दी है। बीजेपी अब यहां पीएम मोदी की लोकप्रियता, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और राम मंदिर जैसे मुद्दों को आगे कर रही है। वहीं गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद केपी यादव का टिकट काटकर ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर आए यादवेंद्र यादव पर दांव लगाया है। यादवेंद्र यादव इस बार मुंगावली सीट से भाजपा के ब्रजेंद्र यादव से चुनाव हार गए थे। गुना से कांग्रेस के दिग्गज नेता अरुण यादव ने चुनाव लडऩे का ऐलान किया था, लेकिन विरोध के बाद वे पीछे हट गए। इस लोकसभा में गुना, शिवपुरी, व अशोक नगर जिले की 8 विधानसभाएं गुना, बमोरी, शिवपुरी, कोलारस, पिछोर, चंदेरी, मुंगावली और अशोकनगर आती हैं। कांग्रेस बमोरी व अशोकनगर सीट ही जीत पाई थी।

# पीएम मोदी का अखिलेश-राहुल पर हमला, दो शहजादे फिल्म की शूटिंग करते घूम रहे

## अमरोहा निवासी क्रिकेटर मोहम्मद शमी की तारीफ की

अमरोहा । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरोहा में रैली को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि यूपी में दो शहजादे फिल्म की शूटिंग करते हुए घूम रहे हैं। इन्हें पहले भी जनता ने खारिज कर दिया था। दोनों आस्था पर हमला करने से नहीं चूकते।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, जिसमें जनता का एक-एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े दृष्टिकोण और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन विपक्षी गुट 'इंडिया के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। उन्होंने कहा कि इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अमरोहा निवासी क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि क्रिकेट वर्ल्ड कप में शमी ने जो कमाल किया उसे पूरी दुनिया ने देखा है। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र ने उन्हें अर्जुन पुरस्कार दिया है और योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। उन्होंने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है, कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है, फिर एक बार मोदी सरकार।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण पर मोदी ने लोगों से अपील कर कहा कि "मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, अवश्य वोट करें। मोदी ने कहा कि अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ये क्षेत्र अपने मेहनती किसानों के लिए भी जाना जाता है।

# नक्सल प्रभावित बस्तर में मतदान को लेकर गजब का उत्साह

बस्तर। छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान जारी है। मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। बस्तर में एक बजे तक 42.57 फीसदी मतदान हुआ है। बस्तर सीट के नारायणपुर जिले के तहत आने वाले छोटे डोंगर गांव में अलग ही नजारा देखने को मिला। ग्रामीण मतदान के समय से पहले ही पोलिंग बूथ पर पहुंच गए थे। मतदान केंद्र का गेट खुलने पर मतदाताओं ने वोट डालने के लिए दौड़ लगाते हुए लाइन में लग अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वहीं सुकमा जिले में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह है। नक्सल प्रभावित इलाकों से ग्रामीण अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे।

# जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा - चंद्रबाबू नायडू

अमरावती। टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र में राम राज्य वापस आएगा और लोगों से आगामी चुनावों में वाईएसआरसीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से छुटकारा पाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा। पूर्व सर्वेक्षण साफ तौर पर इन चुनावों में एनडीए की जबरदस्त जीत का संकेत दे रहे हैं। यह विश्वास व्यक्त कर कहा कि टीडीपी, भाजपा और जनसेना का एनडीए गठबंधन दक्षिणी राज्य में सत्ता में आएगा, टीडीपी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि रेड्डी उन पर हाल ही में हुए कंकड़ (पत्थर) हमले के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि जगन के चाचा (वाई एस विवेकानंद रेड्डी) की हत्या भी एक बड़ा नाटकीय काम था जिसके द्वारा उन्होंने फिर से जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की।



हालांकि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के पास रेड्डी की तरह पैसा नहीं है, नायडू ने कहा कि साझेदारों के पास विश्वसनीयता है और वे नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि रेड्डी शराब की बिक्री के माध्यम से भी लोगों का खून निचोड़ रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि अगर आंध्र प्रदेश को प्रगतिशील रास्ते पर आगे बढ़ना है, तब एनडीए गठबंधन को सत्ता में आना चाहिए और विश्वास जताया कि पीएम मोदी 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में लौटने वाले हैं। दक्षिणी राज्य के देश में शीर्ष पर आने की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब एनडीए यहां सरकार बनाएगी। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को चुनाव होने हैं और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# भारत में एक सदी से भी ज्यादा पुराने गोदरेज ग्रुप का बंटवारा!

## -परिवार के दो गुटों ने एक-दूसरे की कंपनियों के बोर्ड से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। भारत में एक सदी से पहले स्थापित किए गोदरेज ग्रुप परिवार में अब बंटवारा शुरु हो गया है। यह ग्रुप भारत में अपनी एक अलग ही साख रखता है। गोदरेज के कई प्रोडक्ट भारत में बहुत पसंद किए जाते हैं। अब जानकारी मिली है इस ग्रुप के परिवार के दो गुटों ने अब एक-दूसरे की कंपनियों के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। वह जल्द ही एक-दूसरे की कंपनियों में हिस्से बेच देंगे।

जानकारी के मुताबिक इस साल की शुरुआत में आदि और नादिर गोदरेज ने गोदरेज एंड बॉयस के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था, जबकि जमशेद गोदरेज ने जीसीपीएल और गोदरेज प्रॉपर्टीज के बोर्ड से सीट छोड़ दी। यह बंटवारा परिवार के दो गुटों के बीच हो रहा है। इसमें एक तरफ आदि गोदरेज और दूसरी तरफ भाई नादिर गोदरेज हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके चचेरे भाई जमशेद गोदरेज और उनकी बहन स्मिता गोदरेज कृष्णा हैं। गोदरेज इंडस्ट्रीज एंड एसोसिएट्स का नेतृत्व आदि गोदरेज और उनके भाई करते हैं। वहीं गोदरेज एंड बॉयस (जी एंड बी) का नेतृत्व जमशेद गोदरेज और उनकी बहन करती हैं। आदि ओर नादिर गोदरेज एंड बॉयस में अपने हिस्से को बेच देंगे। जमशेद गोदरेज और उनके परिवार के लोग गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (जीसीपीएल) और गोदरेज प्रॉपर्टीज में अपने चचेरे भाइयों को पारिवारिक व्यवस्था के तहत हिस्सा देंगे।

मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि करीब 3400 करोड़ रुपए की अनुमानित अचल संपत्तियां जिनमें ज्यादातर मुंबई के उपनगरों में है वह गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) के हिस्से में रहेंगी। वहीं स्वामित्व अधिकारों को बनाए रखने के लिए अलग समझौते पर काम किया जाएगा। गोदरेज ग्रुप में पांच लिस्टेंड कंपनियां जीसीपीएल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज एग्रोवेट और एस्टेक लाइफसाइंसेज शामिल हैं। इनका मार्केट कैप बीते सप्ताह 2.34 लाख करोड़ रुपए था। पांच लिस्टेड फर्मों ने वित्त वर्ष 2023 में लगभग 42,172 करोड़ रुपए का राजस्व और 4,065 करोड़ रुपए का लाभ हासिल किया है। जीएंडबी एक निजी स्वामित्व वाली कंपनी है यह ग्रुप इंजीनियरिंग, उपकरण, सुरक्षा समाधान, कृषि उत्पाद, रियल एस्टेट और उपभोक्ता उत्पादों सहित विविध व्यवसायों का संचालन करता है।

जानकारों के अनुसार गोदरेज फैमिली काउंसिल दो महत्वपूर्ण बिंदुओं को सुलझा रही है। इनमें विभाजन के बाद गोदरेज ब्रांड नाम का उपयोग, संभावित रॉयल्टी भुगतान और जीएंडबी के पास मौजूद भूमि का मूल्यांकन शामिल है। जानकार लोगों ने बताया कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वामित्व स्थापित करने के उद्देश्य से विभाजन पर करीब तीन साल से काम चल रहा है।



# कमलनाथ ने परिवार सहित किया मतदान बोले- छिंदवाड़ा की जनता पर भरोसा

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने परिवार सहित मतदान करने बूथ पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें छिंदवाड़ा की जनता पर विश्वास है। 45 साल में हुए विकास के लोग साक्षी हैं। इससे पहले हॉट सीट छिंदवाड़ा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने बेटे और छिंदवाड़ा के उम्मीदवार नकुलनाथ के अलावा धर्मपत्नी अलका नाथ व पुत्रवधू प्रिया नाथ के साथ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद शिकारपुर स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। बता दें कि छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में नकुलनाथ का भाजपा के विवेक बंटी साहू से मुकाबला है। भाजपा ने इस संसदीय सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी थी, वहीं कमलनाथ अपने परिवार के साथ चुनाव मैदान में डटे रहे। राज्य के अन्य हिस्सों की तरह छिंदवाड़ा में भी मतदाताओं में मतदान को लेकर खास उत्साह है।

# नड्डा का बड़ा आरोप, देश विरोधी संगठन राहुल गांधी के समर्थन में

## कांग्रेस और सीपीआई दोनों देश विरोधी ताकतों के साथ

वायनाड। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केरल के वायनाड में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि केरल में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। जिस उत्साह के साथ आपने रोड शो में भाग लिया है, उससे एक बात स्पष्ट है कि आपने वायनाड में हमारे उम्मीदवार को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारे उम्मीदवार के चयन के बारे में नहीं है, बल्कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी लेने के बारे में भी है। नड्डा ने कहा कि हमें यह बताकर खुशी हो रही है कि भारत, जो 10 साल पहले 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, ने एक लंबी छलांग लगाकर अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने सभी को विकास के रास्ते पर ला दिया है। उनकी नीतियों ने गांवों को मजबूत किया है और युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे उम्मीदवार हैं, भाजपा के प्रतिनिधि हैं और मोदी जी का नेतृत्व है। दूसरी ओर, आपके पास कांग्रेस से राहुल गांधी हैं। मुझे आश्चर्य है कि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने के लिए भागकर वायनाड क्यों आना पड़ा? नड्डा ने कहा कि राहुल और कांग्रेस को देश की परवाह नहीं है। वे वंशवाद द्वारा शासन में विश्वास करते हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। नड्डा ने बड़ा आरोप लगाकर कहा कि एसडीपीआई और पीएफआई, जो देश विरोधी संगठन हैं, राहुल गांधी और कांग्रेस का समर्थन करते हैं। ये संगठन राज्य चुनावों के दौरान सीपीआई का समर्थन करते हैं और राष्ट्रीय चुनावों के दौरान कांग्रेस का समर्थन करते हैं।

# कोर्ट में दिल्ली सीएम के जेल में खाने का मेन्यु चार्ट पेश

## - केजरीवाल ने जेल में तीन बार आम और एक बार पूड़ी खाई

नई दिल्ली। शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल में नियमित जांच और इंसुलिन देने की मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में एक बार फिर केजरीवाल के खाने का मुद्दा उठा। कोर्ट में खाने का मेन्यु चार्ट पेश किया गया जिसमें केजरीवाल ने इतने दिनों में क्या-क्या खाया उसका विवरण मौजूद था।

सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि सीएम केजरीवाल के लिए जेल में 48 बार घर का खाना गया, जिसमें से सिर्फ 3 बार ही आम भेजा गया था। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल के बाद से केजरीवाल को खाने में आम नहीं भेजा गया। वहीं 48 बार में से सिर्फ एक बार नवरात्रि के चलते खाने में पूड़ी भेजी गई थी। इस पर ईडी ने कोर्ट को बताया कि जेल ऑथारिटी की तरफ से भी केजरीवाल के डायट चार्ट की रिपोर्ट आ रही है।

वहीं दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की नियमित जांच और शूगर के लिए इंसुलिन मुहैया कराने की मांग पर कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से सभी को याचिका की कॉपी देने को कहा गया। कोर्ट ने कहा कि हमें अभी इस बारे में नहीं पता है कि याचिका में क्या मांग की गई है। इस पर वकील सिंघवी ने कहा कि उन्होंने ईडी को अर्ज़ी की कॉपी दे दी थी।

# कार्ति चिदंबरम ने कहा, भगवा पार्टी दक्षिणी राज्य में कोई कारक नहीं

कोयंबटूर। भाजपा तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई को कोई नहीं बताकर कांग्रेस नेता और शिवगंगा से पार्टी प्रत्याशी कार्ति चिदंबरम ने कहा कि भगवा पार्टी दक्षिणी राज्य में कोई कारक नहीं है। कार्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु की क्षणिक यात्राओं का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जबकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अन्नाद्रमुक राज्य में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। कार्ति चिदंबरम की टिप्पणी तब समय में आई है जब तमिलनाडु भाजपा के दक्षिणी दबाव के केंद्र में है और इसके महत्वाकांक्षी प्रमुख अन्नामलाई अपने उग्र भाषणों से सुर्खियों में बने हुए हैं। तमिलनाडु में भाजपा की व्यापक पहुंच पर चिदंबरम ने कहा कि राज्य में पीएम मोदी की लगातार यात्राएं और भाषण लोगों को पसंद नहीं आते हैं।

# सीएम केजरीवाल का आरोप- तिहाड़ में टॉयलेट तक नहीं जाने दिया जा रहा है

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि जेल में टॉयलेट तक नहीं जाने दिया जाता है। अदालत में शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि उन्हें तिहाड़ जेल में वॉशरूम भी नहीं जाने दिया जाता है। दिल्ली शराब घोटाला केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय के समन पर पेश नहीं होने के मामले में यह दावा किया। अरविंद केजरीवाल के वकील ने ईडी के जवाब पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इससे पहले गुरुवार को एक अन्य मामले में ईडी ने दावा किया था कि आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। इसके बाद जस्टिस बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।



राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल ने अपने वकील के माध्यम से कहा कि हम प्रवर्तन निदेशालय के जवाब पर अपना रिप्लाई नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि अरविंद केजरीवाल एक मामले में हिरासत में हैं। अरविंद केजरीवाल के वकील ने कहा कि ईडी के पास किसी भी याचिका के विरोध के अलावा कोई और काम नहीं है। जेल में लीगल मुलाकात की संख्या सीमित है, इसलिए हम रिजॉइंडर नहीं दाखिल कर पा रहे है।इसके बाद कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय ने कहा तिहाड़ जेल में वकील हफ्ते में दो दिन मुलाकात कर सकते है। वह जा कर मुलाक़ात करके अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। इस पर अरविंद केजरीवाल के वकील ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ 30 से ज़्यादा मुक़दमे चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी केस लगा हुआ है. अरविंद केजरीवाल ने वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल में खाना भी नहीं खाने देते हैं और वाशरूम भी नहीं जाने देते हैं. दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले की अगली सुनवाई 4 मई को होगी।

# अन्नामलाई का आरोप, मुझे हराने द्रमुक और अन्नाद्रमुक करोड़ खर्च कर रही

कोयंबटूर। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर सीट से पार्टी उम्मीदवार के अन्नामलाई ने कहा कि द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है और उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप लगाया। अन्नामलाई ने उथुपट्टी मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद यह टिप्पणी की। 4 जून को एनडीए के लिए ऐतिहासिक परिणाम का विश्वास व्यक्त कर आईपीएस अधिकारी से नेता बने अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु में वोट शेयर में वृद्धि देखेगी।




अन्नामलाई ने कहा तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ हैं। कर्नाटक में, हम इस बार क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा का नंबर होगा तेलंगाना में इस बार वोट शेयर में बहुत बड़ा शानदार परिणाम देगी। द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है। भाजपा ने अन्नामलाई को डीएमके के गणपति पी राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन के खिलाफ खड़ा किया गया है। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में मतदान हो रहा है।

वोट डालने के बाद भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का आरोप लगाया। द्रमुक, अन्नाद्रमुक कोयंबटूर में क्या कर रहे हैं, हर कोई देख रहा है। कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। यदि वे एक मतदाता को मीडिया के सामने यह कहने के लिए ला सकते हैं कि कुछ भाजपा व्यक्ति उन्हें प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, तब मैं उसी दिन राजनीति छोड़ दूंगा क्योंकि मैं सैद्धांतिक रूप से इस चुनाव में भाग ले रहा हूं।

# 73.35 प्रतिशत रहा बालाघाट जिले का मतदान

## पिछला लोकसभा चुनाव की तुलना में कम रहा इस बार का मतदान प्रतिशत ,नक्सली क्षेत्र की विधानसभाओं में बड़ा मतदान का ग्राफ

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है तो वहीं बालाघाट- सिवनी संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 73.35 रहा है वहीं यदि पिछली लोकसभा सन 2019 के मतदान प्रतिशत की बात करें तो संसदीय क्षेत्र में 77.66 प्रतिशत मतदान रहा था , तो इस बार देखने में यह भी आया कि जो नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्र था उनमें मतदान का प्रतिशत बढ़ा है एवं जो शहरी क्षेत्र में विधानसभा थी उनमें मतदान का प्रतिशत कम हुआ है। आपको बता दे की आम लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को शांतिपूर्वक संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में पूर्ण हो चुका है जहां मतदान करवाने गए मतदान दल भी मतदान समाप्त होने के बाद से धीरे-धीरे आना शुरू हो गए थे , वहीं संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा में पूर्णता कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान हुआ ,कोई भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई हालांकि कुछ स्थानों पर ईवीएम मशीन के बंद होने की बात आ रही थी, जिन्हें भी जिला प्रशासन की टीम ने समय रहते ठीक कर शांतिपूर्वक मतदान कराया, किंतु 2019 के लोकसभा चुनाव का यदि मतदान प्रतिशत देखे तो 77.66 मतदान प्रतिशत रहा था, किंतु इस बार संसदीय क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 2019 की लोकसभा से कम है , जबकि यह प्रयास लगाए जा रहे थे कि इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ने की जगह कम हो गया, जबकि जिन नक्सलीय क्षेत्र की विधानसभाओं में



कम समय और सुरक्षा के इंतजाम रखे गए थे उन तीन विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है और जिन शहरी क्षेत्र में आने वाली तीन विधानसभा में मतदान प्रतिशत कम रहा है जबकि यह प्रयास लगाए जा रहे थे कि बालाघाट, वारासिवनी और कटंगी विधानसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और नक्सलीय क्षेत्र में आने वाली विधानसभा परसवाड़ा, लांजी और बैहर में मतदान का प्रतिशत कम हो सकता है किंतु ऐसा नहीं हुआ और इसके विपरीत ही मतदान का प्रतिशत देखने को मिला है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र की विधानसभा में बढ़ा मतदान प्रतिशत

जिस प्रकार से अभी कुछ दिन पहले ही नक्सलीय घटना सामने आई थी और ऐसा माना भी जा रहा था कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आने वाली विधानसभा में कम मतदान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ जबकि आयोग द्वारा भी इन विधानसभाओं में कम समय मतदान के लिए दिया गया था और 19 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक ही इन तीन विधानसभा बैहर , लांजी और परसवाड़ा में मतदान के लिए समय रखा गया था और जब मतदान का प्रतिशत आया तो बैहर विधानसभा में 76.14 प्रतिशत ,लांजी विधानसभा में 72.19 प्रतिशत और परसवाड़ा विधानसभा में 74.29 प्रतिशत मतदान का रहा और इन विधानसभाओं में सबसे अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### शहरी क्षेत्र की विधानसभा में कम हुआ मतदान प्रतिशत

जिस प्रकार से यह अनुमान लगाए जा रहे थे कि शहरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाली विधानसभा बालाघाट, वारासिवनी और कटंगी विधानसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और यहां पर मतदान का समय 19 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक का रखा गया था , किंतु इन विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत नक्सल प्रभावित विधानसभाओं से कम रहा और बालाघाट विधानसभा में 72.02 प्रतिशत मतदान ,वारासिवनी की विधानसभा में 72.07 प्रतिशत मतदान और कटंगी विधानसभा में 73.36 प्रतिशत मतदान रहा है।

### सिवनी विधानसभा में सबसे कम हुआ मतदान

आपको बता दे की बरघाट, सिवनी विधानसभाओं में भी मतदान का प्रतिशत कम ही रहा है यहां पर भी उतना मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ा इन विधानसभाओं में शाम 5:00 बजे तक के आंकड़े अनुसार बरघाट विधानसभा में 73 प्रतिशत मतदान और सिवनी विधानसभा में सबसे कम मतदान 65.52 प्रतिशत ही मतदान हुआ है जो की सबसे कम मतदान है वहीं इसमें 6:00 बजे तक के आंकड़े आना बाकी है तो यही प्रयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें एक से दो प्रतिशत मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा।

### बालाघाट जिले का 73 .35 प्रतिशत रहा मतदान

यदि बालाघाट जिले की 6 विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत देखा जाए तो 73.35 प्रतिशत बालाघाट जिले की 6 विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत है वही इसमें सिवनी बरघाट दो विधानसभाओं का मतदान प्रतिशत नहीं जोड़ा गया है उस हिसाब से बालाघाट जिले का मतदान 73.35 प्रतिशत रहा है।

# सोशल मीडिया पर मतदान केंद्र की वीडियो बनाकर वायरल करने पर बालाघाट एसडीएम ने करवाई कोतवाली में एफआईआर दर्ज



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदान केंद्र की गोपनिकता भंग करने के मामले में एसडीम बालाघाट ने एफआईआर दर्ज करवा दी है बताया जा रहा था कि कुछ लोगों द्वारा मतदान केंद्र की गोपनीयता को लेकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था जिस पर त्वरित ही कार्रवाई करते हुए वीडियो की सत्यता को पता कर पाया गया कि एक वीडियो मतदान केंद्र क्रमांक - 195 शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पश्चिम भाग का है और दूसरा 242 शासकीय कमला नेहरू नवीन स्कूल के कक्ष का है जिस पर एसडीएम गोपाल सोनी द्वारा कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। आपको बता दे की कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर मतदान की गोपनीयता को लेकर वीडियो वायरल किया जा रहे हैं, तो कुछ लोग मतदान कक्षओं के अंदर जाकर मतदान करते हुए वीडियो बनाकर उन्हें वायरल कर रहे थे , जिस पर बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की सत्यता पता कर पाया कि जो दो वीडियो वायरल हो रहे है वह शहर के ही मतदान केन्द्रों के बने हुए वीडियो है, जिसमें एक वीडियो मतदान केंद्र क्रमांक -195 शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पश्चिम के भाग का है तो वही दूसरा वीडियो केंद्र क्रमांक - 242 के शासकीय नेहरू शाला नवीन बोर्ड स्कूल का है इन दो स्कूलों के बूथों में मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी द्वारा बताया गया कि दोनों मतदान केंद्रों के वायरल वीडियो में मतदान की गोपनीयता भंग करने पर आरपी एक्ट की धारा-128 का उल्लंघन पाए जाने पर धारा-188 के तहत एफआईआर बालाघाट कोतवाली में दर्ज कराई जा रही है।

# मतदान करने आमगांव आ रहे व्यक्ति की मोटरसाइकिल मवेशी से टकराई

## हादसे में पति-पत्नी बच्चे सहित चार लोग घायल, सभी घायल का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। सारे काम छोड़कर मतदान करने के लिए अपने बीवी बच्चों के साथ ससुराल से अपने गांव समनापुर आमगांव आ रहे एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गई। शुक्रवार की सुबह हुए इस सड़क हादसे में पति-पत्नी व बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में ग्रामीण थाना नवेगांव निवासी 32 वर्षीय दलपत पिता दुरब लाल मरकाम, दलपत की 29 वर्षीय पत्नी निर्मला मरकाम, दलपत की चार माह की बेटी पल्लवी मरकाम और उसकी रिश्ते में साली 5 वर्षीय प्रज्ञा पिता राजेश कुर्वेति के नाम का समावेश है ।जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जहा उनका उपचार जारी है।



### ससुराल में रहकर खेती-बाड़ी करता है दलपत

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण थाना नवेगांव के आमगांव निवासी दलपत पिछले तीन-चार महीनो से अपने ससुराल चाचेरी में रहता है जो ससुराल में रहकर वहां खेती-बड़ी व मजदूर कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है ।बताया जा रहा है कि शुक्रवार को मतदान होने के कारण वह अपनी पत्नी निर्मला,रिश्ते में साली प्रतिज्ञा और उसकी चार माह की बेटी पल्लवी मरकाम को मोटरसाइकिल में बैठकर वोट डालने के लिए अपने गांव आमगांव आ रहा था। जब वहां मोटरसाइकिल से चरेगांव के आगे पहुंचा तो उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी एक गाय से टकरा गई।जिसके चलते वे मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर वहां के चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया। इस सड़क हादसे में जहां दलपत की पत्नी साली और बेटी को मामूली रूप से चोट आई है तो वहीं दलपत गंभीर रूप से घायल बताया गया है जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

## पीएम के बाद जिला अस्पताल पहुंचे परिजन

## उदल करिया के रूप में की गई अज्ञात शव की शिनाख्त

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। किडनी की बीमारी से ग्रसित एक अज्ञात व्यक्ति की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त उनके परिजनों द्वारा थाना लालबर्रा बकोड़ा निवासी 49 वर्षीय श्यामलाल उर्फ उदल पिता जय प्रसाद करिया के रूप में की गई है। जहां अज्ञात शव की शिनाख्त उसकी पत्नी गोदावरी द्वारा करने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। वही मामले की जांच के लिए डायरी सम्बंधित थाना पहुँचाई गई है।

### एक वर्ष से पत्नी के घर नहीं गया था उदल

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बकोड़ा निवासी श्याम लाल उर्फ उदल करिया साइकिल से फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था। जिसके मां-बाप गोंदिया में रहते है ।जबकि उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर वारासिवनी में किराए के मकान में रहती है ।बताया जा रहा है कि उदल पिछले दो वर्षों से कपड़ा बेचने का काम करता था जो कभी अपने मां-बाप के घर चले जाता था तो कभी-कभी वारासिवनी में उसके बीवी बच्चों से मिलने जाया करता था। जानकारी के अनुसार पिछले 1 वर्ष से वह अपनी पत्नी गोदावरी से मिलने वारासिवनी नहीं गया था। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व उसकी तबीयत खराब होने पर गांव के किसी व्यक्ति ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 16 अप्रैल से उसका उपचार चल रहा था। जिसकी दो दिन बाद ही उपचार के दौरान मौत हो गई। उधर अस्पताल से मर्ग तहरीर से मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक के परिजन ना होने पर मृतक का शव जिला अस्पताल मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया था। जिसका आज शुक्रवार की सुबह आवश्यक कार्यवाही पूरी कर पोस्टमार्टम कराया गया। जिसकी जानकारी बकोड़ा सरपंच को लगने पर सरपंच श्री नागेश्वर ने उसकी पत्नी गोदावरी को मामले की सूचना दी। जहां सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह गोदावरी अपने बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक की फोटो दिखाकर शव की शिनाख्त कराई। जिस पर गोदावरी ने शव की पहचान उसके पति उदल करिया के रूप में की। जहां पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर अंतिम संस्कार के लिए शव उसकी पत्नी सहित अन्य परिजनों के सुपुर्द किया है। वही मामले की अग्रिम जांच के लिए डायरी संबंधित थाना पहुंचाई गई है।

# पेड़ से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। खेत मे लगे पेड़ को छाटने के दौरान पेड़ से अनियंत्रित होकर नीचे गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई ।मृतक का नाम थाना वारासिवनी ग्राम एकोडी निवासी 53 वर्षीय सदनलाल पिता लटारू परिहार बताया गया है। जिसके शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों की सुपुर्द किया गया है। वही अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा मामले की जांच के लिए डायरी वारासिवनी थाना पहुंचाई गई है ।

### पेड़ की छटाई करने खेत गया था सदन

प्राप्त जानकारी के अनुसार एकोडी निवासी सदन लाल परिहार खेती बाड़ी का काम करता था। जिसकी दो बेटी और एक पुत्र है सब की शादी हो चुकी है। सदनलाल शुक्रवार को मतदान करने के बाद खेत जाने वाला था। जो मतदान केंद्र में भीड़ होने के चलते, बाद में आकर मतदान करने की बात कहकर सीधा खेत चला गया। जहां पर वहा खेत में लगे आंजन के पेड़ पर चढ़कर पेड़ की छटाई कर रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसलने से वह अनियंत्रित होकर पेड़ से नीचे गिर गया। जहां गंभीर रूप से घायल सदन द्वारा आवाज लगाने पर पड़ोस के खेत में महुआ चुन रहे लोग दौड़कर उसके पास आए और उन्होंने मामले की सूचना उनके परिजनों को दी। जहां मौके पर पहुंचे उनके परिजनों ने उसे निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां के चिकित्सकों ने सदन को मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल लाते वक्त रास्ते में हो गई थी मौत

बताया जा रहा है कि हादसे में गम्भीर रूप से घायल सदन को उसके परिजन उपचार के लिए भर्ती कराने जिला अस्पताल लाया रहे थे ।जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही सदन की मौत हो गई थी ।उधर जिला अस्पताल चिकित्सक से मर्ग तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का परीक्षण का, पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वही शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए। वहीं जाफौ 174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपर्द किया है। वही मामले की जांच के लिए डायरी वारासिवनी थाना पहुंचाई गई है ।

ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट